
आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच
हर घर तिरंगा
वर्ष : 26 अंक : 235 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 16 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## अटल जी को देश का नमन





भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर आज देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। दिल्ली स्थित उनके समाधि स्थल पर आज सुबह राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए अनगिनत लोग उन्हें याद करते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन यह सुनिश्चित करने में समर्पित कर दिया कि हमारे साथी नागरिक बेहतर जीवन जी सकें। हम भारत के लिए उनके सपने को पूरा करने के लिए काम करते रहेंगे। आज सुबह 'सदैव अटल' में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# अटल बिहारी ने रखी आधुनिक भारत के निर्माण की नींव : योगी

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी। इस मौके पर कैबिनेट के कई मंत्री भी मौजूद रहे।

लोकभवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर लोकभवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को जन्में अटल जी का लगभग छह दशक का सार्वजनिक जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु करार देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान एक सर्वमान्य चेहरे के रूप में थी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल जी ने दिया था। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की सरकार में चलाए गए अंत्योदय के कार्यक्रम उनकी दूरदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं।

उन्होंने कहा, अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सानिध्य में अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन का शुभारंभ किया था। 1957 में वह बलरामपुर (वर्तमान में श्रावस्ती) से पहली बार सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि अटल जी को लगातार 10 बार लोकसभा एवं दो बार राज्यसभा में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसमें वह पांच बार लखनऊ से सांसद चुने गए थे।

सीएम योगी ने कहा कि आज अटल जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां, उनकी कविताएं और भारतीय राजनीति के उनके मूल्य एवं सिद्धांत सदैव हमें एक नई प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अटल जी द्वारा किए गए प्रयासों को देश कभी विस्मृत नहीं कर सकता है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी के सत्प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया।

## क्राइम फाईल

### युवती के गले से चेन झपटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के पंचशील मार्केट के पास बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो का इंतजार कर रही युवती के गले से सोने की चेन लूट ली। युवती ने शोर मचाकर लोगों की मदद से बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। ईकोटेक विलेज में रहने वाले वंदना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 अगस्त की सुबह घर से अपने ऑफिस के लिए निकली थी। वह पंचशील मार्केट के पास में रोड पर ऑटो के इंतजार में खड़ी थी। हनुमान मंदिर की तरफ से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली। (शेष पृष्ठ-5 पर)

### कंपनी में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-64 स्थित एक कंपनी से मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रिक वायर, कॉपर के पाइप चोरी हो गए। कंपनी मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रोशनपुर दनकौर निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि उनकी सेक्टर-64 में थिएटर डिमर हार्डवेयर के नाम से कंपनी है। 14 अगस्त की रात्रि को उनके कंपनी से बाइक व लाखों रूपए मूल्य की इलेक्ट्रिक वायर, कॉपर पिन तथा कॉपर पाइप चोरी हो गए। 15 अगस्त की सुबह जब वह अपनी कंपनी पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी मिली। (शेष पृष्ठ-5 पर)

### कार व दो बाइक ले उड़े चोर

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा से अलग-अलग स्थानों से वाहन चोर तीन वाहनों को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में रहने वाले प्रभात ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने 10 अगस्त की रात्रि को अपने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। 11 अगस्त की सुबह जब वह अपने ड्यूटी पर जाने के लिए निकले तो उन्हें घर के बाहर से बाइक गायब मिली। उसने अपनी बाइक की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-16ए से चोरों ने एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में दिल्ली निवासी राजीव कुमार जैन ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

### छत पर लगे टॉवर से कीमती उपकरण चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के तुलसी विहार में लगे मोबाइल टावर से चोरों ने दो आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी कर लिए। सदरपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह एयरटेल टावर में साइट टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत है। उनकी कंपनी का एक टावर दादरी के तुलसी विहार में रूप सिंह भाटी के मकान की छत पर लगा हुआ है। 14 अगस्त की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उनकी कंपनी एयरटेल के टावर से दो आरआरयू व अन्य उपकरण चोरी कर लिए। इसके अलावा चोर रूप सिंह भाटी के मोबाइल फोन को भी चोरी कर ले गए हैं।

## सुहागरात पर पति ने की गंदी हरकत

### दहेज में 20 लाख न लाने पर नवविवाहिता का उत्पीड़न

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज में 20 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने आरोप लगाया है कि सुहागरात वाली रात उसके पति ने उसके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाये। इस बात का विरोध करने पर उसके पति ने गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी।

ग्रेटर नोएडा की रहने वाली मोनिका (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 10 मई को ग्राम लडपुरा निवासी गौरव के साथ संपन्न हुई थी। शादी में उसके पिता ने लगभग 80 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बावजूद भी उसका पति गौरव तथा उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे। मोनिका का आरोप है कि सुहागरात वाली रात उसके पति (शेष पृष्ठ-5 पर)

### बहु से ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चों को धमकाया, मारपीट की

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर में एक महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चों के साथ गाली गलौज, मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम गोपालगढ़ निवासी करिश्मा चौधरी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2010 में संदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके तीन बेटियां हुई। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति संदीप चौधरी, ससुर सत्यवीर तालान व सास उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। उसके पति ने उसे खर्चा देना भी बंद कर दिया। अपना गुजारा करने के लिए वह गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम कर रही है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## सेक्टर-82 कट के पास बाइक लूटी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-82 कट के पास दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से बाइक लूट ली और फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने बाइक सवार के साथ मारपीट भी की। ग्राम पटाड़ी एनटीपीसी दादरी निवासी गौतम कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह जीएसएस टेक्नोलॉजी कंपनी में काम करता है। वह अपनी कंपनी से ग्रेटर नोएडा के अल्फा कमर्शल बेल्ट में स्थित आईसीआईसीआई बैंक गया था। इसके बाद उसने एपेक कासना माल में सामान डिलीवर किया। यहां सामान डिलीवर करने के बाद उसे कंपनी के काम से दिल्ली के चावड़ी बाजार जाना था। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## कोलाकाता कांड के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का कैंडल मार्च आज शाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डाक्टर के साथ बलात्कार व नृशंस हत्या के विरोध में पूरा देश आक्रोशित है। इस जघन्यकांड के विरोध में जगह-जगह धरना-प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा आज शाम को कैंडल मार्च निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी नीता बाजपेयी ने बताया कि महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह कैंडल मार्च



सेक्टर-27 सब मॉल से शुरू होगा तथा कई सेक्टरों में पैदल मार्च करेगा। इस रैली में महिला मोर्चा के अध्यक्ष कुछ एनजीओ भी शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## एटीएम में कैश डालने वाले कर्मचारी ने की घपलेबाजी

**नोएडा (चेतना मंच)।** एटीएम मशीनों में कैश लोडिंग अनलोडिंग का काम करने वाले कस्टोडियन ने जालसाजी कर कंपनी को 3572500 का चूना लगा दिया। कंपनी के सहायक प्रबंधक ने आरोपी कस्टोडियन के खिलाफ थाना फेस-3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सीएमएस इन्फो सिस्टम लिमिटेड कंपनी के सहायक प्रबंधक देवेंद्र सिंह रावत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी विभिन्न बैंकों का पैसा उनके निर्देशों के अनुसार एटीएम मशीनों में कैश लोडिंग अनलोडिंग निकासी तथा जमा करने का कार्य करती है। इस कार्य को करने के लिए कंपनी में एजेंट के रूप में कस्टोडियनों की नियुक्ति की जाती है। साहिबाबाद ब्रांच के अंतर्गत 39 एटीएम के रूटों पर कंपनी द्वारा एटीएम बूथ में पैसे डालने का काम किया जाता है। प्रत्येक रूट पर कंपनी के दो कस्टोडियन रहते हैं जिनकी जिम्मेदारी इंडेंट के अनुसार बैंक तथा सीएमएस कंपनी के वाल्ट से कैश लेकर एटीएम मशीनों में कैश लोड करने तथा कैश को बैंक व कंपनी के वाल्ट में जमा कराना होता है। उन्होंने बताया कि कस्टोडियन विकास कुमार उर्फ बंटी तथा मोहम्मद आकिब की ड्यूटी नोएडा के रूट नंबर 11 पर थी। दोनों कस्टोडियन जून 2024 से नियुक्त थे। उनके पास संबंधित एटीएम के वाल्ट को खोलने के लिए गोपनीय पासवर्ड एडमिन (शेष पृष्ठ-5 पर)

### उप्र युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने

## जम्मू में जाकर साथियों संग तिरंगा यात्रा निकाली

**नोएडा/जम्मू (चेतना मंच)।** व्यापारियों व समाजसेवा में बढ़-चढ़कर भूमिका निभाने वाली संस्था उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने जम्मू में तिरंगा फ्हराकर एक नई इबारत लिख दी।

उप्र युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि उन्होंने इस बार 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जम्मू-कश्मीर में जाकर तिरंगा फ्हराने का संकल्प लिया था। संकल्प के अनुरूप वे जम्मू के कटरा पहुंचे तथा वहां के निवासियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया तथा तिरंगा यात्रा निकाली।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी तरह (शेष पृष्ठ-5 पर)



## बुजुर्ग की हत्या में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना पुलिस ने बीते दिनों सलेमपुर गुर्जर गांव में हुई वृद्ध किसान की हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से हत्या की वारदात में प्रयुक्त एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बीते दिनों सलेमपुर गुर्जर गांव में बुजुर्ग श्यामसिंह की हत्या के मामले में वांछित चल रहा बिरोंडी गांव निवासी प्रशांत उर्फ अक्की डाढा गांव की तरफ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सर्विस रोड से प्रशांत उर्फ अक्की को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्त राजकुमार के कहने पर लालच में आकर बुजुर्ग श्याम सिंह की (शेष पृष्ठ-5 पर)

## ई-बसों के संचालन का खाका तैयार, पहले चरण में चलेगी 100 बसें

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे रूट पर इलेक्ट्रिक सिटी बस चलाने की तैयारी अंतिम चरण में है। विभिन्न रूटों को फाइनल करने की प्रक्रिया चल रही है। नोएडा प्राधिकरण इन बसों के संचालन के लिए आधारभूत ढांचे व सुविधाएं तो देगी पर संचालन के दौरान घाटा की पूर्ति नहीं करेगी।

बता दें कि पहले चरण में करीब 100 मिनी बसें संचालित की जाएंगी। संचालन करने वाली कंपनी ही समूचे खर्च का वहन करेगी। इसके लिए लखनऊ की टीमें सर्वे का काम कर रही हैं। इलेक्ट्रिक मिनी बसें चलने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे के लाखों लोगों को सहूलियत मिलेगी।

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि कंपनियां चाहती हैं कि बसें चलाने में जो घाटा आए वह प्राधिकरण वहन करे। इसको वायबिलिटी गैप फंड कहा जाता है लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यह संभव नहीं है। बसें चलाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर देंगे। डिपो भी देंगे लेकिन बस संचालकों को आय के स्त्रोत खुद ढूंढने होंगे।

करीब तीन-चार साल तक नोएडा-ग्रेनो के बीच 50 एसी बसों का संचालन हुआ था। मार्च 2020 में कोरोना आने की वजह से ये बसें बंद हो गईं। कुछ महीने बाद फिर से इन बसों को चलाने की तैयारी शुरू हुई तो सामने आया कि इन बसों के संचालन में काफी घाटा हो रहा है और उसको प्राधिकरण (शेष पृष्ठ-5 पर)



### इन रूटो को किया जा रहा फाइनल

बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से दादरी बस स्टॉप वाया सुरजपुर, शारदा यूनिर्वसिटी से जीबीयू वाया कासना,

शशी चौक से ऐस सिटी, बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से डिपो मेट्रो स्टेशन वया ग्रेटरनोएडा स्टेडियम, सेक्टर-12-22 से कासना, परिचौक से जेवर वाया रबुपुरा, तिगरी गोलचक्कर से रजनीगंधा चौराहा, एक मूर्ति चौक से जीबी यूनिर्वसिटी गेट नंबर-3, बोटेनिकल गार्डन से संपूर्णम ग्रेनो वेस्ट, दादरी से जीबी यूनिर्वसिटी वाया कासना, परी चौक सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन, बिराला इंस्टीट्यूट से नोएडा सेक्टर-62, सेक्टर-62 से एनएसईजेड मेट्रो, सेक्टर-62 से दादरी वाया सुरजपुर, बोटेनिकल गार्डन से न्यू दिल्ली रेलवे स्टेशन, बोटेनिकल गार्डन से कश्मिरी गेट आईएसबीटी, परिचौक से आनंद विहार बस अड्डा, दादरी से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन।

## सड़क पार कर रही थी युवती बाइक सवार ने मारी टक्कर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने एक टेलीकॉलर युवती को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही एक अन्य घटना में बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सेक्टर-63 स्थित सुमिराम सांई रियलटर्स के निदेशक अंकुर तेवतिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके ऑफिस में (शेष पृष्ठ-5 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# बर्बर बलात्कार

दुर्भाग्य है कि जिन्हें हम 'जीवन-रक्षक' मानते हैं, 'जीवन-दाता' भी कहते हैं और कई असाध्य बीमारियों के संदर्भ में भगवान से भी तुलना करते हैं, ऐसी ही एक महिला डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और अंततः हत्या का 'राक्षसी काम' किया गया है। उनके साथी डॉक्टर ही नहीं, देश भर के डॉक्टरों का रोष और आंदोलन अब भी जारी है। करीब 3-4 लाख चिकित्सक देश भर में विरोध-प्रदर्शन को बाध्य किए गए हैं, लिहाजा अपने दायित्व को भी पीछे छोड़ कर वे अपने अस्तित्व और सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश में महिला डॉक्टर और नर्स, अस्पताल के परिसर में होने के बावजूद, सुरक्षित नहीं हैं। उन बलात्कारियों को 'दरिंदा' कहें या कुछ और करार दें, वे कमोबेश इनसान नहीं हैं। उन्होंने मानवीय लबादा ओढ़ रखा है। कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का यह मामला एक और 'निर्भया कांड' है। महिला ट्रेनी डॉक्टर की आंखों में उसके चश्मे का शीशा घुस गया, क्योंकि 'राक्षस' ने चश्मे पर भी वार किया था। डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट और छाती पर काफी गहरी चोट के निशान मिले हैं। सिर दीवार पर मारा गया था, लेकिन हत्या गला दबा कर की गई। ये पोस्टमॉर्टम के संक्षिप्त निष्कर्ष हैं। अच्छा हुआ कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, लेकिन मामला आईने की तरह सब कुछ बयां कर रहा है। ऐसे 'दानव' की सजा फांसी होनी चाहिए। मामला किसी गांव अथवा नाबालिग का नहीं है, जिसमें बहुस्तरीय जांच की दरकार होती है। पीड़िता भी बहुत कुछ बोल नहीं पाती। यह वीभत्स दुष्कर्म तो अस्पताल के सेमिनार रूम में किया गया, जहां 36 घंटे की लंबी ड्यूटी के बाद महिला डॉक्टर आराम करने या सोने गई थी। इस व्यवस्था पर भी सवाल होने चाहिए कि अस्पताल में सोने की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी? दरअसल सुरक्षा बंदोबस्त और उनके कारगर होने के बीच 'गहरी खाई' है, इस केस से यह भी साबित हो गया। सवाल पुलिस की भूमिका पर भी उठाए जा रहे हैं, जिसने ऐसे बलात्कारी को 'वॉलंटियर' बना रखा है। दुष्कर्म की घटना के 5 दिन बाद तक भी पुलिस किसी शुरुआती निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई थी, लिहाजा अदालत ने जांच सीबीआई को सौंप दी। देश की राजधानी दिल्ली में जब 16 दिसंबर, 2012 की गहरी रात में 'निर्भया कांड' किया गया था और उसके बाद यौन हमलों, शोषण और उत्पीडऩ को लेकर नया कानून बनाया गया था, संसद खूब चीखी थी, तब कुछ सुकून महसूस हुआ था कि अब दरिंदगी कमोबेश कम होनी चाहिए, लेकिन वे प्रलाप 'नारी-शक्ति' तक ही सीमित रहे और औसत महिला की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाई। बलात्कार और हत्याएं तो आज भी देश भर में होती हैं। यह डॉक्टर का और वह भी अस्पताल के भीतर का मामला है, लिहाजा ज्यादा गंभीर और संवेदनशील है। कोलकाता से लेकर मुंबई तक महिला डॉक्टरों के साथ जघन्य अपराधों के मामले सामने आते रहे हैं। गंभीर चिंता और सरोकार का मुद्दा है कि यह वहशीपन कब समाप्त होगा? समाज और देश मनोविकृतियों के बीमार हैं क्या? केंद्र सरकार ने 'निर्भया फंड' बनाया था। मौजूदा बजट में 100 फीसदी आवंटन बढ़ाया गया है, लेकिन 2013-22 का पूरा डाटा निराश करता है, क्योंकि 50 फीसदी से भी कम बजट खर्च किया गया है। या तो निष्क्रियता है अथवा प्रशासन गंभीर नहीं हैं! 2020-21 में उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण किया गया जिसमें चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले पुरुष और महिला का अनुपात 1ः1 था। नर्सिंग में 100 पुरुष पर 310 महिलाएं यह पढ़ाई कर रही थीं। कार्यस्थल पर महिला के यौन उत्पीडऩ को लेकर 2013 में कानून बना था, लेकिन उसकी व्यवस्था भी आधी-अधूरी रही है। जहां कानून लागू किया गया है, वह आधे मन से किया गया है। सर्वोच्च अदालत ने भी मई, 2023 में 'सुरक्षित कार्यस्थल' को लेकर अथॉरिटी, प्रबंधन, नियोक्ताओं को तलब किया था। वे दफ्तर में सुरक्षित और संरक्षित माहौल मुहैया कराने में नाकाम रहे थे। फिर भी अस्पताल के भीतर इतनी बर्बर और वीभत्स घटना हो गई! यह चिंताजनक है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि इस अयोध्यापुरी को सब प्रकार से मनोहर, सब सिद्धियों की देने वाली और कल्याण की खान समझकर मैंने इस निर्मल कथा का आरंभ किया, जिसके सुनने से काम, मद और दम्भ नष्ट हो जाते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**रामचरितमानस एहि नामा। सुनत श्रवन पाइअ बिश्रामा॥**
**मन करि बिषय अनल बन जरई। होई सुखी जौं एहिं सर परई॥**

इसका नाम रामचरित मानस है, जिसके कानों से सुनते ही शांति मिलती है। मन रूपी हाथी विषय रूपी दावानल में जल रहा है, वह यदि इस रामचरित मानस रूपी सरोवर में आ पड़े तो सुखी हो जाए॥

**रामचरितमानस मुनि भावन। बिरचेउ संभु सुहावन पावन॥**
**त्रिबिध दोष दुख दारिद दावन। कलि कुचालि कुलि कलुष नसावन॥**

यह रामचरित मानस मुनियों का प्रिय है, इस सुहावने और पवित्र मानस की शिवजी ने रचना की। यह तीनों प्रकार के दोषों, दुःखों और दरिद्रता को तथा कलियुग की कुचालों और सब पापों का नाश करने वाला है॥

**रचि महेस निज मानस राखा। पाइ सुसमउ सिवा सन भाषा॥**
**तातें रामचरितमानस बर। धरेउ नाम हियँ हेरि हरषि हर॥**

श्री महादेवजी ने इसको रचकर अपने मन में रखा था और सुअवसर पाकर पार्वतीजी से कहा। इसी से शिवजी ने इसको अपने हृदय में देखकर और प्रसन्न होकर इसका सुंदर रामचरित मानस नाम रखा॥

(क्रमशः..)

# आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?

15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, आजादी की उसकी तस्वीर ऐसी हो जाएगी।

हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। ऐसे हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द ही अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कहीं कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कहीं कोई इसे गिराने के प्रयासों में। संसद और विधानसभाओं में हंगामेदार तस्वीरें तो अब कोई नई बात नहीं रह गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। आजादी के बाद के इन साढ़े सात दशकों में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसे जाने के कितने ही ढ़ोल क्यों न पीटे जाते रहें किन्तु



**आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है।**

वास्तविकता यही है कि आज भी अधिकांश जगहों पर बिना लेन-देन के कार्य सम्पन्न नहीं होते। बड़े नेताओं की तो छोड़ दें, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है।

आजादी का एक शर्मनाक पहलू यह भी है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि भी प्रायः सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है। लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता के लिए इस दिशा में फिर से चिंतन-मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह आखिर किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके।

**- योगेश कुमार गोयल**

# स्वतंत्रता दिवस और व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प

भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस दिवस की धूम भारत के सभी राज्यों सहित विश्व भर में फैले भारतीय दूतावासों और उच्चायोगों में भी रहेगी। इस बार हिमाचल प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जिला कांगड़ा के देहरा में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। देहरा के नागरिकों के लिए यह उत्सव इसलिए भी खास है क्योंकि देहरा विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर का गृह विधानसभा क्षेत्र भी है और वह पिछले महीने ही देहरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई हैं। यह सच है कि पिछला एक साल मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश के लिए भारी उथल पुथल के दौर वाला रहा है, लेकिन इस बार उन्हें हिमाचल की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत अपने व्यवस्था परिवर्तन वाले संकल्प को निभाना होगा और इसके लिए उन्हें कड़वे निर्णयों को लेना होगा। विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के नाम आज बड़ी-बड़ी उपलब्धियां दर्ज हैं, लेकिन कर्ज का बढ़ता बोझ भी एक लाख करोड़ के आंकड़े की दहलीज को छूने के लिए बेताब है।

15 अप्रैल, 1948 में जब हिमाचल प्रदेश अस्तित्व में आया था, तब प्रदेश में न तो अच्छी सडकें थी, न ही ज्यादा शिक्षण संस्थान थे और न ही उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं थीं। लेकिन बीतते वक्त के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश आगे बढ़ा और 288 किलोमीटर लंबी सडकों की लंबाई बढकर आज लगभग 40 हजार किलोमीटर के आंकड़े को पार कर चुकी है। कांगड़ा हवाई पट्टी के विस्तारीकरण की दिशा में तीव्र गति से काम हो रहा है, तो हिमाचल प्रदेश अब जलविद्युत उत्पादन से हरित एवं सौर ऊर्जा राज्य बनने की दिशा की ओर अग्रसर है। हिमाचल प्रदेश को 2010 में भारत का पहला कार्बन-तटस्थ राज्य घोषित किया चुका है। हिमाचल प्रदेश में ई-विधानसभा, ई-कैबिनेट और ई-बजट की व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी हैं। हिमाचल प्रदेश पूरे देश का पहला धुआंमुक्त राज्य भी है और यहां हर घर में गैस का चूल्हा है। हिमाचल प्रदेश के हर घर तक नल की और बिजली की सुविधा



पहुंच चुकी है। हिमाचल को 2016 में भारत का दूसरा खुले में शौचमुक्त राज्य घोषित किया गया था। हिमाचल में गरीबी दर 2013-14 में 10.14 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.88 प्रतिशत रह गई है। हिमाचल में अब कैंसर रोगियों का निःशुल्क उपचार हो रहा है और राज्य सरकार ने कैंसर के उपचार के लिए 42 दवाएं निःशुल्क देने का फैसला लिया है। इसमें ट्रैस्टुजुमाब का टीका भी शामिल है, जिसका मूल्य लगभग 40 हजार रुपए है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा देकर पर्यटकों का आंकड़ा पांच करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। हिमाचल प्रदेश में तंबाकू के पदार्थों पर पूर्ण रूप से रोक है और प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। सरकार को चाहिए कि वह एपीएल कार्ड धारकों को सब्सिडी पर उपलब्ध राशन के लिए दिए जा रहे अनुदान की व्यावहारिकता पर सर्वेक्षण करवाए। हिमाचल के लगभग 9 लाख से ज्यादा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध करवाना भी एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देना होगा।

वर्ष 2023 के मध्य में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के मोर्चे पर भी लड़ाई लडऩी पड़ी थी तो इसी मोर्चे पर अभी भी राहत की खबर नहीं है। सरकार के सामने जहां निरंतर घटते राजस्व की चुनौती है तो दूसरी तरफ बढ़ते कर्ज और देनदारियों का दबाव भी है। बढ़ती महंगाई के आलम में सरकार के समक्ष अपने कर्मचारियों को पिछले वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप उनके देय वित्तीय लाभ और डीए देने की बाध्यताएं भी हैं। इन परिस्थितियों में आर्थिक हालात को दुरुस्त करने के दृष्टिगत अब सुक्खू सरकार ने कुछ कड़वे और जन अलोकप्रिय निर्णयों को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए हैं। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि हिमाचल में पानी पर चार्ज लगेंगे और हिमाचल के सरकारी कर्मचारियों, करदाताओं और जो लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं, उनको पानी फ्री में नहीं मिलेगा, बल्कि उन्हें पानी के लिए 100 रुपए मासिक शुल्क देना होगा। इसी प्रकार से हिमाचल प्रदेश में पिछली भाजपा सरकार में शुरू हुई 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने संपन्न वर्ग के लिए बंद कर दिया है। वहीं एचआरटीसी की बसों में सफर करने वाले पुलिस जवानों को केवल सरकारी कार्य के लिए मुफ्त सेवा मिलेगी। सरकार ने हिमकेयर योजना से निजी अस्पतालों, सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को बाहर कर दिया है। हिमाचल सरकार ने खजाना भरने के लिए कुछ बड़े निर्णय लिए हैं। इनके लागू होने से सरकार को इस वित्तीय वर्ष में करीब दो हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व लाभ अर्जित होगा। सरकार राजस्व जुटाने के लिए अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए नई नीति लेकर आई है। सरकार द्वारा इस वर्ष नई आबकारी नीति लागू करने से शराब के ठेकों की इस वर्ष नीलामी से सरकार को 600 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी।

शिक्षा विभाग में शून्य पंजीकरण वाले 99 स्कूलों और दो से पांच संख्या विद्यार्थियों वाले 460 स्कूलों को बंद करके सरकार अपने राजस्व की बड़ी राशि की बचत करने जा रही है। सरकार द्वारा कर्मचारियों के स्टडी लीव पर जाने पर वेतन का 40 फीसदी देने के फैसले से भी करोड़ों का खर्चा बचेगा। यह समय का तकाजा है कि राज्य की माली हालत को पटरी पर लाने और 2032 तक हिमाचल को भारत का विकसित राज्य बनाने का सपना देखने वाली सुखविंदर सरकार फिजूलखर्ची से बचते हुए लोकलुभावन घोषणाओं को करने से परहेज बरते और आर्थिक विशेषज्ञों की सलाह से जनहित में कड़वे फैसले ले। तभी प्रदेश सुखी और खुशहाल राज्य बनेगा।

**-अनुज आचार्य**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

**श्रावण शुक्ल पक्ष : एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
प्रेम संतान का भी भरपूर सहयोग है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी अच्छा समय कहा जाएगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ऊर्जा का स्तर उतार-चढ़ाव में रहेगा। प्रेम संतान का भरपूर साथ होगा। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। बहुत सारे तरह के लोग इस समय आपको परेशान करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य थोड़ा बुझा-बुझा सा बना है। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार बहुत अच्छा आपका दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य साथ दे रहा है। कानूनी पचड़े सुधर रहे हैं। पिता के स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। भाग्यवश काम बनेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं थोड़ा सा। बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम संतान ठीक-ठाक। व्यापार भी ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
प्रेम संतान का भरपूर सहयोग है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दीजिए। बाकी हर दृष्टि से सुखद समय।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
शत्रुओं पर विजय पाएंगे। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम गरम रहेगा। प्रेम संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
दिमागी तौर पर थोड़ा बटे-बटे से रहेंगे। बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव हो सकता है जमावड़ा लगा हुआ है घर में आपके।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापार के नए-नए ऑप्शन आएंगे, कंफ्यूज मत होइए। एक-दो दिन रुक जाइए। स्वतः क्लियर हो जाएगा क्या करना है।

# धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**नोएडा ( चेतना मंच )।** 78 वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व सी.आई.टी. यू., अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी गौतमबुद्धनगर के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर- 8, कार्यालय पर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत माकपा जिला प्रभारी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा द्वारा झंडा रोहण व राष्ट्रीय गान के साथ हुई। इस अवसर पर सीटू नेता रामसागर, पूनम देवी, गंगेश्वर दत्त शर्मा, बब्लू, राजू , विवेक कुमार मिश्रा,धर्मेंद्र गौतम, माकपा नेता मदन प्रसाद, धर्मपाल सिंह, भीखू प्रसाद, भरत डेंजर, जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, चंदा बेगम, गुड़िया देवी, प्रभा यादव आदि ने संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के इतिहास को रेखांकित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जनवादी महिला समिति और सीटू की ओर से सभी कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और सभी शहर व देशवासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# देश को ऊंचाईयों तक ले जाना है : भाटी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय कैमराला चक्रसैनपुर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने 78 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को बडी धूमधाम से मनाया ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्टीय कार्यकारणी सदस्य बाबा रगींलाल रहे ध्वजारोहण के बाद अपने देश के उन शहीद वीर सबूतों को नमन किया जिन्होनें ब्रिटिश साम्राज्य को जड से उखाड फेंका और भारत को आजादी दिलाई और अपने वतन के लिए हँसते हँसते प्राणों को निछावर कर दिया राष्टीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि देश को आज़ादी दिलाने मै हर वर्ग हर समाज के वीर सपूत ने अपने प्राणों की आहूति दी थी उनमें आपसी भाईचारा, एकता एवं आपसी अटूट प्रेम भाव था जिनके कारण आज हम चैन की सांस ले रहे है हम सभी देशवासियों को अपने उन शहीद वीर सबूतों के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेना होगा और देश हित के लिए अपनी विचार धारा बदलकर भाईचारा और एकता में रहकर अपने देश को ऊँचाईयों तक ले जाना है।

इस अवसर पर राष्टीय अध्यक्ष बलराज भाटी, राष्टीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्टीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ठाकुर विजय प्रताप सिंह, राष्टीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, राष्टीय कार्यकारणी सदस्य जितेन्द्र सिंह, राष्टीय कार्यकारणी सदस्य राजेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ऊधम नम्बरदार, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शकीना,जिला उपाध्यक्ष खालिद, प्रदेश उपाध्यक्ष फरमान, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर हेमन्त पडिंत, प्रदेश सचिव यामीन अंसारी, प्रदेश सचिव हरेन्द्र भाटी, प्रदेश संगठन मन्त्री डाक्टर संजीव भाटी, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी,प्रदेश महामन्त्री रामरिक भाटी, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने फहराया तिरंगा झण्डा



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय बंजारा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ताराचंद नायक ने पास्को एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रीज पर तिरंगा झंडा फहराया एवं एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर उन्होंने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान है और इसे हमें संभाल कर रखना होगा इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन राकेश सिंह सहित काफी सख्यां में लोगों मौजूद है।

# भाकियू ( भानु) ने हर्षउल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने हर्षउल्लास से मनाया। सेक्टर 141 नोएडा महानगर कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय से महात्मा गांधी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और गाँधी की प्रीतिमा पर पुष्प अर्पित किए। भारत माता की जय व अमर शहीद अमर रहे के नारे लगाये। इस मौक़े पर राष्ट्रीय महासचिव बेगराज गुर्जर ने कहा कि, देश को आज़ाद कराने में हमारे लाखों पूर्वजों ने क़ुर्बानी दी। यातनाएँ सही और फाँसी खायी तब जाकर देश को आज़ादी मिली।

लाट साहब लोहिया और मीडिया प्रभारी सुभाष भाटी शहदरा ने कहा हमें शहीदों की क़ुर्बानियों को ध्यान में रख कर देश के हित में कार्य करने चाहिए और जो जवान हमारे शहीद हुए है उनके परिवार को हम नमन करते है हम सब को शहीद भगत सिंह के रास्ते पर चलना है। बीसी प्रधान ने कहा कि, हमें देशहित में कार्य करने चाहिए अपने पूर्वजों की क़ुर्बानियों को याद रखना चाहिए।

इस मौक़े पर बीसी प्रधान, लाट साहब लोहिया, राजवीर मुखिया, प्रेम सिंह भाटी, सुभाष भाटी, अनिल बैसोया, ऋषि अवाना, आनंद भाटी, पवन खारी, जोगिंदर चपराना, कुणाल, सोनू कश्यप चंद्रपाल , सुनील अवाना आद उपस्थित रहे ।

# गरीबों को कराया भोजन





**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेविका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के सचिव सुरेश अग्रवाल, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में शिव नगरी सेक्टर- 17 नोएडा पर धूमधाम के साथ मनाया। ट्रस्ट की ओर से रितु सिन्हा, गंगेश्वर दत्त शर्मा ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को सपरिवार बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवरत्न फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव व समाजसेवी कैप्टन विकास गुप्ता जी रहे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया



ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी एवं नोएडा महानगर ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर रहे। विभाजन विभीषिका पर एक प्रदर्शनी एवं लघु टेली फ़िल्म के द्वारा देश की विभाजन विभीषिका को देखा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री योगेश चौधरी, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, राजेश कोटियाल, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, पवन नागर, सतेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, जिला मंत्री सत्यापाल शर्मा, गुरुदेव भाटी, आईटी जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, मनीष भाटी, विजय रावल, महेश शर्मा, मनोज भाटी, राजीव सिंघल, राज नागर, हरिदत्त शर्मा, मुकेश चौहान आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों आम जनमानस संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक-कार की भिड़ंत, दो की मौत

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर ईको कार की खडे ट्रक में टक्कर होने से ईको सवार दो की मौत नो लोग घायल मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया ट्रक चालक मौके से फरार हुआ।

पुलिस के अनुसार असलम पुत्र निसारुद्दीन निवासी ग्राम भसुन्दरा थाना उसहैत जिला बदायू ने बताया कि उसका भाई अकरम पानीपत से वागेश पुत्र होरीलाल निवासी खेडा जलालपुर थाना उसहैत जिला बदायू की गाडी इको से अपने गाँव जा रहा था। जिसके साथ गाडी में अन्य सवारियाँ भी बैठी थी। गुरुवार सुबह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर ट्रक का चालक ट्रक में लोहे की चादर व अन्य सामान लादकर लापरवाही से चलाकर ले जा रहा था।

जिसकी वजह से ट्रक में से कुछ लोहे की चादर हाईवे पर गिर गई तो ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक को बीच सड़क पर अचानक रोक दिया। जिसकी वजह से गाड़ी इको, ट्रक में टकरा गई।

गाडी के ट्रक में टकराने से उसके भाई अकरम पुत्र निसारुद्दीन निवासी ग्राम भसुन्दरा थाना उसहैत जिला बदायूं उम्र करीब 24 वर्ष तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। गजराज पुत्र किशन लाल निवासी जरहैटा थाना जरीफ नगर जिला बदायू उम्र करीब 24 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं । यह घटना वील अकवरपुर टोल से करीब 2 कि.मी. पहले डासना की ओर पेरीफेरल हाईवे की हैं। चालक की लापरवाही की वजह से हुयी है। पीड़ित ने अज्ञात मे ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे लेकर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश में लगी है।

# सीटू ने श्रम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बढ़ती महंगाई पर रोक, घोषित न्यूनतम वेतन लागू करवाने, दिल्ली एनसीआर में एक समान वेतन, महंगाई के अनुसार न्यूनतम वेतन 26000 व 10 हजार रुपए मासिक पेंशन, मजदूर विरोधी चार लेबर कोड कानूनों को रद्द, निजीकरण पर रोक, रोजगार की गारंटी, कार्य स्थल पर सुरक्षा, स्थाई स्वरूप के काम में लगे सभी ठेका श्रमिकों को पक्का कर सारी सुविधाएं व सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन व अन्य सुविधाएं, आंगनवाड़ी, आशा मिड, डे मील और अन्य योजना कर्मियों को कर्मचारी घोषित कर वैधानिक वेतन और सामाजिक सुरक्षा, घरेलू कामगार रेहड़ी-पटरी कामगार, रिक्शा चालक, ऑटो चालक आदि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को कामगार का दर्जा व सामाजिक सुरक्षा, निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और हित लाभ मिलने में आ रहे सभी रूकावटों को दूर कर सभी हित लाभ दिए जाना सुनिश्चित करवाने आदि मांगों और केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, युवा, महिला, जन विरोधी व पूंजीपति हितेषी बजट के खिलाफ 9 अगस्त से 14 नवंबर तक विरोध सप्ताह मनाने के बाद अभियान के समापन पर सीटू कार्यकर्ताओं ने श्रम कार्यालय सेक्टर- 3 पर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन अपर श्रम आयुक्त सरजू राम को सौंपा।

उन्होंने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों से केंद्र व प्रदेश सरकार को अपनी संस्तुति के साथ भेज दिया जाएगा तथा स्थानीय स्तर की समस्याओं को अपने स्तर से समाधान करने का प्रयास करेंगे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



# फोनरवा ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-52 स्थित फेडरेशन ऑफ़ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के कार्यालय में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के उपरांत अध्यक्ष श्री शर्मा ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए असंख्य वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। जवानों के इस बलिदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान फोनरवा व आरडब्लूए के सदस्यों ने पूरे जोश के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा,वंदे मातरम के नारे बुलंद किये।

इस अवसर पर फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव केके जैन, कोषाध्यक्ष पवन यादव, विजय भाटी, अशोक कुमार मिश्रा, प्रदीप वोहरा, उमा शंकर शर्मा, सुखबीर सिंह, देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार शर्मा, हरिदेश कुमार गुप्ता, भूषण शर्मा, सोम पाल सिंह, समयपाल सिंह, सुनील वाधवा, रामपाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# पूर्व मंत्री ने किया भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, सचिन अंबावाता, सतेंद्र सिरोही, विवेक मिश्रा,संजय बेसला, केशव पंडित, प्रवेश जाटव, प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।**

# विश्व भारती पब्लिक स्कूल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल नोएडा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, सांसद डा. महेश शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, सी.डी.ओ. जनार्दन सिंह, जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह मावी, डी.आई.ओ.एस.धर्मवीर, संसद प्रतिनिधि संजय बाली, विश्व भारती पब्लिक स्कूल समिति के पदाधिकारी, प्रिंसिपल, शिक्षक, छात्र तथा अभिभावक उपस्थित थे।

यहां एक आज़ादी से संबंधित पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।चित्र पट पर विभाजन के समय की स्मृतियों को उजागर किया गया। मंत्री ने कहा कि भगतसिंह जी का जज्बा निश्चित रूप से आज की पीढ़ी के लिए एक उदाहरण है।




डा. सुरजीत, जे.डी.कौशल सैनी ने अपने अनुभवों के द्वारा सबका मार्ग दर्शन किया। तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखा गया तथा कैंडल मार्च भी निकाला गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर जलाये 78 दीपक

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-122 में 78वीं स्वतंत्रता दिवस पर 78 दीपक जलाकर दीपोत्सव मना कर शहीदों की कुर्बानियों को स्मरण किया गया।



शहीदों की याद में जब दीये जगमगाए तो उपस्थित लोगों के चेहरे पर शौर्य का उजाला छा गया.दीपों से प्रज्वलित होते ही प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति हो रही थी।

इस मौके पर आरडब्लूए अध्यक्ष उमेश शर्मा, महासचिव देवेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष ब्रह्मदत्त शर्मा, उपाध्यक्ष नरेश बंसल, संदीप शर्मा, स्वाति अग्रवाल, सेवकराम एवं राजेंद्र सिंह, आरके पाल, आरएस यादव, अमृत सिंगला एवं बड़ी संख्या में सेक्टर के बच्चे भी उपस्थित रहे।

# पुलिस कमिश्नर ने अपग्रेड वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के द्वारा यूपी-112 आपात सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए चार पहिया पीआरवी वाहनों में इनोवा व स्कॉर्पियो मेक के 16 वाहन, दो पहिया वाहनों पल्सर मेक के 16 वाहन कुल 32 वाहनों को हरी झण्डी दिखाते हुये नोएडा पुलिस के बेडे में शामिल किया गया हैं। इन वाहनों में पीटीजेड कैमरा, फ्लैसर लाईट, लाउडहेलर, हूटर जैसी अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के पास पूर्व में 124 पीआरवी वाहन उपलब्ध थे। 32 पीआरवी वाहन नये आ जाने से कुल वाहनों की संख्या 156 हो गयी है।

उक्त नये 32 पीआरवी वाहन उपलब्ध होने पर निश्चित रूप से रेस्पांस टाइम बेहतर होगा, जिससे आमजन को और अधिक बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त यूपी-112 आपात सेवा में संचार व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लिए पीआरवी वाहनों में IPAD/MDT, सेमसंग कम्पनी के 5जी स्मार्ट मोबाईल फोन, वायरलैस सेट आदि उपलब्ध कराये गये हैं, ताकि बेहतर संवाद कर त्वरित कार्यवाही की जा सके।




**78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मामूरा स्थित प्रथम पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देश भक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर वीर जवानों को याद किया एवं उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्कूल की संस्थापक राधिका, प्रधानाचार्य मयंक चौहान एवं सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रही।**

# सेक्टर-55 में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-55 नोएडा में 78वें स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रात: 11.00 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सत्तनारायण गोयल ने कम्युनिटी सेंटर में झंडा रोहण किया। सभी सेक्टरवासियों ने राष्ट्रगान गाया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सेक्टर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर महासचिव राजेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, राकेश शर्मा, अजय शुक्ला, श्रीमती राजरानी, श्रीमती विद्या रावत, नीरज शर्मा, कुलदीप शर्मा व अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# सेक्टर-51 में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वतंत्रता दिवस पर डीडी आरडब्ल्यूएफ फेडरेशन के सदस्यों तथा आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टर-51 के चिल्ड्रन पार्क में 78वें स्वतंत्रता दिवस को जोश और सम्मान के साथ मनाया गया।

डीडीआरडब्लूए अध्यक्ष एनपी सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस पर देश के अमर शहीदों को और उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए संदेश दिया गया।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल प्रकाश, महासचिव संजीव कुमार समेत कई पदाधिकारी व सेक्टरवासी मौजूद थे।

# सेक्टर-82 पाकेट-7 में हुआ ध्वजारोहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** ईडब्लूएस पाकेट-7 सेक्टर-82 नोएडा में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने ध्वजा रोहड़ किया। सभी सेक्टरवासियों ने राष्ट्रगान गाकर ढोल नगाड़ों के साथ भारत माता के जयकारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। इस अवसर पर बोलते हुए आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि भारत माँ की स्वतंत्रता के लिए अमर शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। अब हम सभी का कर्तव्य बनता है कि देश की एकता, अखन्डता, संप्रभुता को बनाये रखें।

इस अवसर पर सुशील पाल, रवि राघव, रमेश चंद शर्मा, देवमणि शुक्ला, विकास कुमार, उत्तम चंद्रा, संजय पांडेय, विजय जी, विकास शर्मा, घनश्याम जोशी, विष्णु शर्मा, अंगद तोमर, राजवीर सिंह, रमेश शर्मा, नवल मिश्रा, नवीन पंत, फुलारा, आर के शर्मा, शिववृत तिवारी, रमेश गुप्ता, बीडी गुप्ता, कमल पात्रा,सेंसर पाल, सतपाल सिंह, गुड्डु चौधरी, अनूप सिंह, हरी सिंह, रमेश वर्मा, राकेश सिंह, प्रभात रंजन, अखिल द्विवेदी, लोकेंद्र चौहान,जयंत शाहू , राम लखन लखेड़ा, एलएम फुलारा, संजीव ढाली , सर्वेश तिवारी, राजेश पाठक, प्रकाश जोशी, जीडी शर्मा, संजय मग्गू, मनोज गुप्ता, आरपी सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र सतपति, वीके भारद्वाज, सियाराम, संगम मिश्रा, हंसमणि शुक्ला, उमाकांत त्रिवेदी, सुधा राजपूत, जितेंद्र द्विवेदी सहित तमाम आरडब्लूए पदाधिकारी एवं सेक्टरवासी मौजूद रहे।

# गुर्जर आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट ने की बैठक



**नोएडा (चेतना मंच)।** गुर्जर आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट द्वारा नोएडा स्थित बिशनपुरा गांव में चौ.रामकुमार तंवर के कार्यालय पर गुर्जर समाज में कई कुरीतियों को सुधारने के लिए बैठक कर चर्चा की गई।

इस दौरान आगामी 18 अगस्त को नोएडा सेक्टर-6 स्थित इंद्रा गाँधी कला केन्द्र में होने जा रहे कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट की तरफ़ से रामफूल सिंह भाटी, दिवाकर सिंह बिधुरी, रामकुमार तंवर, निरंजन नागर, विजय कुमार कराहना, लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक भाटी, साशिंदर भाटी, करमवीर गुर्जर, सुरेंद्र भाटी, राहुल बिधुरी, अजय चौधरी, मुकेश कसाना, प्रवीण कसाना, शिव कुमार तंवर आदि सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# अमर शहीदों के सपनों को पूरा करने का संकल्प लें : लक्ष्मी सिंह

## सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मान



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम पुलिस कमिश्नरेट में बहुत ही हर्षो–उल्लास एवं गरिमामय तरीके से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में ध्वजारोहण किया गया। कमिश्नरेट मुख्यालय सूरजपुर पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार द्वारा तथा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर–108 पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था शिवहरी मीना द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी गयी और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने व उसे मजबूत बनाने में योगदान करने की शपथ दिलाई गयी, अपने संबोधन के दौरान पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा अमर शहीदों के बलिदान को याद किया गया और सभी पुलिसकर्मियों को उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित होकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश की सुरक्षा एवं अखंडता को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान देने के लिये प्रेरित किया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा सराहनीय/साहसिक कार्य करने वाले अधिकारियो/कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का ऑपरेशनल/शौर्य के आधार पर गोल्ड पदक, 1.पुलिस उपायुक्त साद मियाँ खान (गोल्ड) 2 पुलिस उपायुक्त शक्तिमोहन अवस्थी (गोल्ड), ऑपरेशनल/शौर्य के आधार पर 1. सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री शैव्या गोयल (सिल्वर) 2. निरीक्षक विनोद कुमार (सिल्वर), 3.निरीक्षक सत्यवीर सिह (सिल्वर) 4. उपनिरीक्षक शरद कान्त शर्मा (सिल्वर) 5.उप निरीक्षक सुमनेश कुमार (सिल्वर) 6.मुख्य आरक्षी मोनू यादव (सिल्वर) 7. कम्पयूटर आप्रेटर संदीप कुमार (सिल्वर) 8. आरक्षी पुनीत कुमार (सिल्वर) 9. आरक्षी रोहित कुमार (सिल्वर), 10. उप निरीक्षक वकील अहमद (सिल्वर), 11. उप निरीक्षक महेश चन्द गौतम (सिल्वर) को सिल्वर पदक से सम्मानित किया गया।

## शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों का सम्मान

अपना कर्तव्य निर्वहन करते समय सर्वोच्च बलिदान देने वाले निरीक्षक स्व0 सुबोध कुमार सिंह, उप निरीक्षक स्व0 रामकिशोर, मुख्य आरक्षी स्व0 बिजेन्द्र कुमार एवं आरक्षी स्व0 सुनील भाटी के परिजनों को पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में आमंत्रित करके पुलिस कमिश्नर द्वारा उनको सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया और आश्वस्त किया गया कि प्रत्येक परिस्थिति में पुलिस परिवार उनके साथ खड़ा है।

इसके साथ ही उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह–सेवाभिलेख के आधार पर 1. सहायक पुलिस आयुक्त (लिपिक)सुनील गुलाठी (पुलिस पदक/उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 2.निरीक्षक ना0पु0सुभाष चन्द (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 3.उप निरीक्षक स0पु0 गजेन्द्र सिह (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 4.उप निरीक्षक स0पु0 अशोक कुमार त्यागी (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 5. मुख्य आरक्षी स0पु0 राम किशन (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 6.निरीक्षक ना0पु0 विजय सिह राणा (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 7.निरीक्षक ना0पु0 धर्मेन्द्र सिह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 8.उप निरीक्षक ना0पु0 गजेन्द्र सिंह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 09.उप निरीक्षक ना0पु0 रमेश चन्द (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 10.उप निरीक्षक बृजपाल सिह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 11.मुख्य आरक्षी ना0पु0 श्रवण कुमार शर्मा (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 12.मुख्य आरक्षी ना0पु0 हैदर अब्बास (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 13.मुख्य आरक्षी ना0पु0 श्रीपाल गिरी (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) दिया गया। इसके साथ ही पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण योगदान व सहयोग के लिये 95 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये तथा 45 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।









# एमिटी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालस उत्तर प्रदेश, नोएडा परिसर में आज 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह का प्रारंभ एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला, एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डॉ. गुरिंदर सिंह और एमिटी के संस्थानों के प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान ने अपने दूरदर्शी विचारों और ज्ञान के शब्दों को साझा करते हुए कहा कि आज जब भारत 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो देश के प्रत्येक नागरिक को न केवल गर्व होना चाहिए और स्वतंत्रता संग्राम को याद रखना चाहिए, बल्कि देश के विकास में अपने व्यक्तिगत योगदान के बारे में भी सोचना चाहिए। आज भारत विज्ञान, तकनीक, शोध, नवाचार, कृषि और अन्य हर क्षेत्र में बहुत बड़ी प्रगति कर रहा है। हमें यकीन है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनने से नहीं रोक सकती। एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने कहा कि, देश के युवा नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से दुनिया को बदल सकते हैं और विकसित भारत 2047 में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होगी।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान एमिटी के छात्रों ने भारत के अद्वितीय सांस्कृतिक को दर्शाते हुए विभिन्न देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल के अध्यक्ष डॉ. डी.के. बंद्योपाध्याय, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डॉ. संजीव बंसल, संस्थानों के प्रमुख, संकाय और बड़ी संख्या में एमिटी के छात्र भी मौजूद थे।

## कार का शीशा तोड़ लैपटॉप उड़ाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर–58 क्षेत्र के सेक्टर– 62 स्थित एक होटल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने लैपटॉप चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वेव सिटी सेक्टर–2 गाजियाबाद निवासी मुकुल चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 13 अगस्त की शाम को सेक्टर–62 रसूलपुर नवादा गांव स्थित महक होटल आया था। उसने अपने कार होटल के बाहर खड़ी कर दी और अपने कमरे में चला गया। करीब 2 घंटे बाद जब वह बाहर आया तो उसकी कार का शीशा टूटा हुआ था। चोर उसकी कार से लैपटॉप चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## ट्रक चोरी करते पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र स्थित कंटेनर डिपो के बाहर से ट्रक को चोरी करने का प्रयास कर रहे एक चोर को ट्रक चालक ने दबोच लिया पकड़े गए चोर को ट्रक चालक ने पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रक चालक अरविंद यादव ने 14 अगस्त को अपना ट्रक कंटेनर डिपो के बाहर स्कूल के सामने खड़ा किया था। वह ट्रक खड़ा करने के बाद पास की ही दुकान पर चला गया। थोड़ी देर बाद उसने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति उसका ट्रक लेकर जा रहा है। ड्राइवर अरविंद कुमार ने शोर मचा कर ट्रक का पीछा किया और लोगों की मदद से कुछ दूरी पर ही आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए चोर ने अपना नाम सत्यम शर्मा निवासी नरौली थाना अनूपशहर जनपद बुलंदशहर बताया। ट्रक ड्राइवर ने इसकी जानकारी ट्रक मालिक शशांक मेहता को दी। शशांक मेहता ने पकड़े गए चोर के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। पूछताछ में पकड़े गए चोर सत्यम शर्मा ने ट्रक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

## मकान का ताला तोड़कर लैपटॉप चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर–24 क्षेत्र के मोरना गांव में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लैपटॉप चोरी कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मोरना गांव में किराए पर रहने वाली फुलजेंसिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह समर विला स्कूल में नौकरी करती है। उनकी बेटी भी किसी काम से घर का ताला लगा कर बाहर चली गई। शाम के समय जब वह घर वापस लौटी तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। चोर कमरे में रखे उनकी बेटी के लैपटॉप को चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा–2 पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने नट मढैया गोल चक्कर के पास एक बाइक पर आ रहे हैं दो युवकों को जांच के लिए रोका। पुलिस के मांगने पर दोनों युवक बाइक के कागजात नहीं दिखा पाए। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने जब बाइक नंबर को ई चालान एप पर चेक किया तो पता चला की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई है। सख्ती से पूछताछ करने पर बाइक सवार युवकों ने अपने नाम रोहित पुत्र उदयवीर व मोनू खान पुत्र कलुआ बताते हुए स्वीकार किया कि उक्त बाइक चोरी की है। पकड़े गए दोनों चोरों की निशानदेही पर सेक्टर सिग्मा–4 सेक्टर के गोल चक्कर के पास से एक और चोरी की बाइक बरामद की गई। दोनों चोरों ने बताया कि उन्होंने बाइक की असली नंबर प्लेट तोड़कर जंगल में फेंक दी थी और पुलिस से बचने के लिए वह फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की बाइक को चला रहे थे।

# गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क पांच स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी देव कुमार गुप्ता, ट्री एनजीओ से शैली माथुर और विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त विद्यालय के रूप में चयन किया गया। इस अवसर उन्होंने समस्त छात्रों को जूट के थैले और स्टील के टिफिन बॉक्स वितरित किए गए। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के उपरांत पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमें छात्र दीपक कुमार चौहान, खुशवंत सिंह, अनुपम तथा केशव को उनकी उपलब्धियां के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर के पौधारोपण किया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**युवती के गले...**

उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**कंपनी में चोरी...**

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। कंपनी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**कार व दो बाइक...**

थाना फेज–1 क्षेत्र के सेक्टर एक स्थित बिड़ला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के बाहर से चोरों ने सेक्टर–22 निवासी रोहित राजे की कार पर हाथ साफ कर दिया।

**सेक्टर–82 कट....**

सेक्टर–82 कट के बस स्टॉप पर वह रेस्ट करने के लिए रुका। इस दौरान दो लड़के उसके पास आए। एक लड़का उसके साथ बैठ गया जबकि दूसरा उसका बाइक के पास खड़ा हो गया और बाइक से छेड़छाड़ करने लगा। उसने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसके साथ बदतमीजी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दोनों युवकों ने मारपीट करते हुए उसे सड़क पर गिरा लिया और जबरन उसकी जेब से बाइक की चाबी निकाल ली। चाबी लेकर दोनों युवक बाइक को स्टार्ट कर भागने लगे। उसने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद दोनों बदमाश उसकी बाइक को लेकर फरार हो गए। उसने शोर मचा कर लोगों से मदद मांगने का प्रयास किया लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। थाना प्रभारी के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**ई–बसों के संचालन...**

को वहन करना पड़ रहा है। अधिक घाटा होने का हवाला देते हुए इन बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए संबंधित कंपनी के साथ अनुबंध खत्म कर दिया गया।

दो महीने पहले सेक्टर–55 के एक निजी होटल में नोएडा–ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम हुआ था जिसमें कुछ कंपनियों ने बसें चलाने को प्रस्तुतीकरण दिया था। इसके बाद प्राधिकरण दफ्तर में भी दो–तीन कंपनियां योजना को लेकर प्रस्तुतीकरण देने आ चुकी हैं। कंपनियां टिकट से प्राप्त आय के अलावा बस और स्टैंडों पर विज्ञापन का अधिकार भी चाह रही हैं। ऐसे में जिन कंपनियों ने प्रस्तुतीकरण दिया था उन पर मंथन किया जा रहा है।

**सुहागरात पर पति...**

गौरव ने उसके साथ अप्राकृतिक सेक्स करने को कहा। उसने जब इस बात से इनकार किया तो उसने मारपीट कर उसका गला दबाया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके पति ने उसके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। शादी के अगले दिन जब वह अपने कमरे में बैठी हुई थी तो उसका नंदोई विकास शर्मा उसे अकेला देखकर कमरे में घुस आया और उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा उसने जब इस बात का विरोध किया तो वह कमरे से निकलकर भाग गया। उसने इस घटना की शिकायत अपने पति से की तो उसने पिस्तौल दिखाकर धमकाते हुए कहा कि अगर यह बात किसी को बताई तो वह उसे जान से मार देगा। 19 मई को उसकी सास सरोज शर्मा, ससुर वेद प्रकाश शर्मा तथा उसके पति गौरव शर्मा ने उसके साथ मारपीट की तथा मुंह कपड़े से दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। उसने इसकी जानकारी किसी तरह अपने भाई को फोन कर दी जिसके बाद वह उसे अपने साथ मायके वापस ले आया। मोनिका के मुताबिक मायके में उसके पति ने उसके पास वीडियो कॉल कर अपनी गलती मानी और भविष्य में ऐसी बात दोबारा नहीं होने का आश्वासन दिया। इस दौरान उसके पति ने वीडियो कॉल पर उसकी अश्लील फिल्म रिकॉर्ड कर ली। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसकी पर्सनल बातों को रिकॉर्ड कर अन्य लोगों को सुनवाता था तथा ऑडियो व वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति व ससुराल वाले उस पर मायके से 20 लाख रुपए दहेज लाने का भी दबाव बना रहे थे। नवविवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**बहु से ट्यूशन पढ़ने...**

करिश्मा चौधरी के मुताबिक 8 अगस्त की शाम को उसके पास गांव के बच्चे ट्यूशन पढ़ने आए। इस दौरान उसके पति, ससुर व सास ने बच्चों के साथ गाली–गलौज व मारपीट की। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। गांव के अन्य लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है

**सड़क पार कर...**

टेलीकॉलर के पद पर कार्यरत कुमारी रिकांशी सेक्टर–16 से अपने घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इस दौरान तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रिकांशी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बेहोश हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। मौका देखकर बाइक सवार लोगों को धक्का देकर फरार हो गया। गंभीर स्थिति में रिकांशी को यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में उसके एक पैर की हड्डी टूट गई और उसके गंभीर चोटे आई हैं। अंकुर तेवतिया की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं थाना फेज–2 क्षेत्र की पंचशील चौकी के पास पैदल जा रहे विजय कुमार को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार हर्षवर्धन ने राहगिरो की मदद से विजय कुमार को फेलिक्स अस्पताल में भर्ती कराया और वहां से रफू चक्कर हो गया। इस संबंध में घायल की बेटी सोनम ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**बुजुर्ग की हत्या में...**

हत्या की योजना में शामिल हुआ था। उसने अपने दोस्त रविंद्र को भी बुजुर्ग श्याम सिंह का काम तमाम करने के लिए तैयार किया और इस घटना को अंजाम देने के लिए एक गाड़ी का इंतजाम भी उसके द्वारा किया गया था। उसके द्वारा लाई गई गाड़ी में ही सभी लोग सवार होकर सलेमपुर गुर्जर गांव पहुंचे। राजकुमार, रविंद्र, बॉबी, और अमित भाटी के साथ मिलकर उन्होंने श्याम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस मुठभेड़ में तीन लोगों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**जम्मू में जाकर साथियों...**

सुरक्षित तथा अखंड है। जम्मू–कश्मीर में हर जगह खासकर लाल चौक पर हर भारतीय निडर होकर तिरंगा फहरा रहे हैं। आजादी के परवानों के लिए इससे बड़ी कोई श्रद्धांजलि नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में खासकर युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है।

**एटीएम में कैश....**

कार्ड तथा रूट की चाबी थी। उन्होंने बताया कि बिना कस्टोडियन के किसी भी हालत में किसी भी एटीएम के वाल्ट को खोला नहीं जा सकता है। 7 अगस्त को विकास कुमार उर्फ बंटी ऑफिस नहीं आया। उसकी टीम के लीडर जितेंद्र दास ने उसे फोन किया तो उसने कहा कि वह आधे घंटे में ऑफिस आ रहा है। उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ जा रहा है। कस्टोडियन विकास उर्फ बंटी के ऑफिस ना आने पर शक के आधार पर उसके रूट पर ऑडिट किया गया तो पता चला कि मामूरा सेक्टर 66 स्थित बैंक आफ इंडिया के एटीएम में 3572500 कम है। कंपनी ने जब एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो उसे पर ब्लैक स्प्रे किया हुआ मिला। सहायक प्रबंधक देवेंद्र सिंह रावत के मुताबिक कस्टोडियन विकास कुमार पिछले चार दिनों से ऑफिस नहीं आ रहा है और उसका फोन भी बंद है। उन्होंने बताया कि कस्टोडियन विकास कुमार के रूट पर ऑडिट चल रहा है ऑडिट में और भी घपलेबाजी सामने आ सकती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पेरिस ओलंपिक के सितारों के साथ पीएम मोदी

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मनाया जीत का जश्न



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पेरिस 2024 ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने वाले भारतीय एथलीटों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में पीएम मोदी सभी पदक विजेताओं के साथ फोटो खिंचवाते हुए नजर आए। इन विजेताओं में मनु भाकर, सरबजोत सिंह, अमन सहरावत, स्वप्निल कुसाले और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य शामिल थे। भारत ने पेरिस 2024 ओलंपिक में कुल 6 पदक जीते जिसमें नीरज चोपड़ा द्वारा पुरुषों की जेवलिन थ्रो फाइनल में जीता गया एक रजत पदक भी शामिल है। हालांकि, 22 साल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में एक और कांस्य पदक जीतकर सभी का ध्यान खींचा। वह 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भी एक और पदक के करीब पहुंच गई थीं लेकिन इसे नजदीकी अंतर से चूक गईं। वहीं स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर एयर राइफल शूटिंग में कांस्य पदक जीता, जबकि अमन सहरावत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती 57 किलोग्राम वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में लाल किले से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पेरिस 2024 ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी और 12 साल बाद इस इवेंट की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को रेखांकित किया। लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने कहा, आज हमारे साथ वे युवा भी हैं जिन्होंने ओलंपिक में भारतीय ध्वज को ऊंचा किया। 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मैं हमारे सभी एथलीटों और खिलाड़ियों को बधाई देता हूं... अगले कुछ दिनों में भारत का एक बड़ा दल पेरिस पैरालंपिक में भाग लेने के लिए रवाना होगा।

# जय शाह ने बांग्लादेश का ऑफर ठुकराया

## भारत में नहीं होगा वर्ल्ड कप



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारत में डे-नाइट टेस्ट आयोजित नहीं करवाने के पीछे की वजह बताई है। भारत ने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली लेकिन बीसीसीआई गुलाबी गेंद से मैच आयोजित करने से कतरा रहा है। हाल ही में जय शाह ने इस कदम के पीछे की वजह बताई और कहा कि ऐसे मैचों में जल्दी नतीजे आ रहे हैं। जय शाह ने ये भी बताया है कि बीसीसीआई ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के भारत को महिला टी 20 विश्व कप 2024 की मेजबानी देने के अनुरोध को ठुकरा दिया। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने वाली है और टूर्नामेंट बांग्लादेश में दो स्थानों पर आयोजित किया जाना है। जय शाह ने खुलासा किया कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के भारत को महिला टी-20 विश्व कप 2024 की मेजबानी देने के अनुरोध को ठुकरा दिया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण काफी तनाव है और वहां आयोजन करवाना बीसीबी के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा, अगले साल हम 50 ओवरों के महिला विश्व कप की मेजबानी करेंगे। हम ऐसा कोई संकेत नहीं देना चाहते कि हम लगातार विश्व कप की मेजबानी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बांग्लादेश ने बीसीसीआई से पूछा था कि क्या वे इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकते हैं, लेकिन मैंने साफ इनकार कर दिया। अभी मानसून का मौसम चल रहा है और अगले साल हम वनडे महिला विश्व कप की मेजबानी करने जा रहे हैं। मैं यह आभास नहीं देना चाहता कि मैं लगातार विश्व कप की मेजबानी करना चाहता हूं। जय शाह ने कहा, आप पांच दिवसीय मैच के लिए टिकट खरीदते हैं, लेकिन खेल 2-3 दिन में खत्म हो जाता है... कोई रिफंड नहीं होता। मैं इसे लेकर थोड़ा भावुक हूं। भारत ने घर पर तीन डे-नाइट टेस्ट खेले हैं और इसमें से कोई भी तीन दिन से ज्यादा नहीं चला। अहमदाबाद में खेला गया मैच तो सिर्फ दो दिन में खत्म हो गया था। भारत को डे-नाइट मैच में एकमात्र हार एडिलेड में मिली थी, जहां टीम 36 रन पर आउट हो गई थी, जो 87 वर्षों में टीम का लोएस्ट स्कोर था।

## नहीं दोहराई जाएगी 2023 वाली ये गलती

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने वादा किया है कि वह भारतीय टीम के साथ वह गलती नहीं दोहराई जाएगी, जो साल 2023 में दोहराई गई थी। आईपीएल 2023 और वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 के फाइनल के बीच गैप बहुत कम था, जिसका खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा। भारत के लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने में विफल रहने के बाद आईपीएल की काफी आलोचना हुई थी। हालांकि, अब जय शाह ने वादा किया है कि आईपीएल फाइनल और डब्ल्यूटीसी फाइनल के बीच अच्छा गैप रखा जाएगा। हाल ही में जय शाह ने आईपीएल फाइनल और डब्ल्यूटीसी फाइनल के बीच 15 दिन का अंतर रखने की बात कही थी। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने कहा कि आईपीएल शेड्यूल के बावजूद टीम हमेशा समय पर फाइनल में पहुंचती है और अब तक दोनों मौकों पर फाइनल में पहुंचने के लिए टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, टीम पिछले WTC फाइनल में देरी से नहीं पहुंची थी। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। अब से, हम आईपीएल के अंत और WTC फाइनल के बीच 15 दिन का अंतर रखेंगे, लेकिन हमें इस तथ्य की भी सराहना करनी चाहिए कि हम दो बार फाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर चुके हैं। साल 2021 का WTC फाइनल 18 जून से खेला जाना था और इसके लिए भारतीय टीम 3 जून को इंग्लैंड पहुंच गई थी। बावजूद इसके न्यूजीलैंड के हाथों टीम इंडिया को 8 विकेट से मात झेलनी पड़ी। यहां तक कि मैच से पहले भारतीय टीम ने परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालने के लिए एक इंट्रा स्क्वॉड गेम भी खेला, लेकिन इसका फायदा टीम को नहीं मिला था। वहीं, 2023 में आईपीएल और डब्ल्यूटीमी के फाइनल में गैप कम था। साथ मिलकर खिलाड़ी तैयारी नहीं कर पाए और ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में भारत 208 रनों के अंतर से हार गया था।

# 19 जनवरी 2025 को होगा टाटा मुंबई मैराथन

## टाटा मुंबई मैराथन के ऐतिहासिक 20वें संस्करण का रजिस्ट्रेशन शुरू




**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन का आगाज 20 साल पहले 2004 में हुआ था। अपनी प्रभावशाली यात्रा की शुरुआत के बाद से ही टाटा मुंबई मैराथन ने एक ऐसे बदलाव की शुरुआत की है जिसने भारत में खेल परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित किया है। इस रेस क्रांति ने सहभागी खेल की शक्ति को फिर से उजागर किया है और मुंबई की नब्ज को मूर्त रूप दिया है। परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, यह एक ऐसा आंदोलन है, जो हमें एक साथ लाता है। टाटा मुंबई मैराथन का 20वां संस्करण रविवार, 19 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा और इसे प्रतिष्ठित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से हरी झंडी दिखाई जाएगी। एशिया की सबसे प्रतिष्ठित मैराथन के प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने मंगलवार को घोषणा की कि इस आयोजन के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अगस्त 2024 को सुबह 7 बजे शुरू होगा और इच्छुक लोग अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। महाराष्ट्र सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा, मुझे आज भी वह क्षण याद है जब 20 साल पहले टाटा मुंबई मैराथन की शुरुआत हुई थी। हालांकि इसकी शुरुआत अस्थिर थी, लेकिन मुंबई के लोगों, सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा दिखाए गए प्यार और समर्थन की बदौलत, यह अब एक लंबा सफर तय करते हुए मुंबई शहर का उत्सव बन चुका है। यह एक सच्चा प्यारा और लचीला प्रतीक है, जो हमारे शहर की जीवंत भावना को दर्शाता है। इस प्रकार, 2008 में भी, जब बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमलों ने शहर को जकड़ लिया था, तब भी यह कभी पीछे न हटने का लोकाचार ही था जिसने अंत में जीत हासिल की। सभी पृष्ठभूमि और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों लोग धावकों का उत्साहवर्धन करने के लिए आए, मानवता का एक सच्चा सागर, धर्म, जाति, उम्र, लिंग और पंथ से परे खेलों का जश्न मनाने के लिए एकजुट होकर खड़ा था।" टाटा मुंबई मैराथन की सफलता शून्य में नहीं हुई। इस मैराथन को वास्तव में अभूतपूर्व और प्रतिष्ठित बनाने के लिए मुंबई के लोगों, असंख्य प्रायोजकों और एमसीजीएम और मुंबई पुलिस सहित अन्य प्रमुख हितधारकों को श्रेय दिया जाना चाहिए और इससे प्राप्त परिवर्तनकारी प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जिसमें अनगिनत चैरिटी के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा, मुंबई की अथक भावना के प्रतीक एक समारोह में भाग लेने के लिए हर साल यहां आना मेरे लिए वास्तव में खुशी और गर्व का क्षण है। टाटा मुंबई मैराथन न केवल प्रतिष्ठित है; यह एक एकीकृत भारत की भावना और हमारी विविधता की परिवर्तनकारी ताकत को भी पूरी तरह से समाहित करता है, जो इसे एक ऐतिहासिक अवसर बनाता है और इसका हर कोई वास्तव में अनुसरण करता है। यह हमारे शहर में रुचि की एक अतिरिक्त परत भी जोड़ता है, जिसे लंबे समय से भारत की वित्तीय राजधानी की अद्वितीय गतिशीलता और जीवंतता को शानदार ढंग से कैप्चर करके इसे कई तरीकों से परिभाषित करता है। उस नोट पर, मैं दो दशकों से अधिक समय तक इस इवेंट की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करने के लिए प्रोकैम को बधाई देना चाहता हूं।




# आईसीसी नहीं चाहता बाबर आजम रन बनाए

## पाक कप्तान के नंबर-1 वनडे बैटर बनने पर बासित भड़के

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बासित अली ने कहा है कि आईसीसी नहीं चाहता कि बाबर आजम प्रदर्शन करें और इस वजह से वनडे रैंकिंग में उसे पहले स्थान पर रखा है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इस समय ताजा जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में पहले पायदान पर हैं। हालांकि उन्होंने इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच नवंबर 2023 में ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था, जहां उन्होंने 38 रन बनाए थे। बासित अली ने कहा कि आईसीसी रैंकिंग के अनुसार सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज चुने जाने से बाबर खुश होंगे और उनमें बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा नहीं होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वहीं शुभमन गिल एक पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गए, जबकि विराट कोहली अपने चौथे स्थान पर बरकरार हैं। बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "जब मैने आईसीसी रैंकिंग देखी। बाबर आजम टॉप पर था, दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा, तीसरे पर शुभमन गिल और चौथे नंबर पर विराट कोहली। मुझे बाकी नामों को पढ़ना जरूरी नहीं लगा क्योंकि मैं ट्रेविस हेड और रचिन रविंद्र को नहीं देख पाया था। बासित ने कहा, "मुझे लगता है आईसीसी चाहता है कि बाबर आजम प्रदर्शन ना करे। वह वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बनकर खुश होगा। ये रैंकिंग कौन देता है? बाबर आजम और शुभमन गिल किस आधार पर वहां हैं। उन्होंने आगे कहा, "बाबर आजम का आखिरी वनडे पिछले साल विश्व कप के दौरान था। हमने विश्व कप में रचिन रवींद्र, क्विंटन डिकाक, ट्रैविस हेड और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को देखा।

# भारतीय खेल जगत ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं






**नई दिल्ली।** देशभक्ति के जज्बे को दर्शाते हुए भारतीय खेल जगत ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। क्रिकेट के दिग्गजों से लेकर ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन एथलीटों ने सोशल मीडिया के जरिए देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'सिर्फ खिलाड़ी ही भारत के लिए नहीं खेलते हैं। हर भारतीय जो अपना काम ईमानदारी और निष्ठा से करता है, वह टीम इंडिया का अहम खिलाड़ी है। इसलिए, जब आज राष्ट्रगान बजेगा, तो जान लें कि यह आपके लिए है और मुझे उम्मीद है कि आप भी वैसा ही महसूस करेंगे जैसा मैंने हर बार भारत के लिए खेलने के लिए मैदान पर उतरते समय इसे सुनकर किया था।' ओलंपिक पदक विजेता शटलर साइना नेहवाल ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने मैदान पर आजादी का महत्व सीखा है, लेकिन यह हमारे देश की आजादी है जो हमें बड़े सपने देखने की ताकत देती है। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं!' भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी पीआर श्रीजेश ने कहा, 'गर्वित भारतीय, आप सभी को एक यादगार स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं! स्वतंत्रता और देशभक्ति की भावना आपके दिल को गर्व से भर दे।' भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लिखा, 'स्वतंत्रता एक कीमत पर मिलती है। हमारे नायक हर दिन अपने खून से इसकी कीमत चुकाते हैं! कभी मत भूलना स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।'

भारत की पूर्व महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज ने लिखा, 'हर बार जब हमारा तिरंगा हवा में लहराता है, तो यह लचीलापन, आशा और स्वतंत्रता की निरंतर खोज की कहानी कहता है। हमारे देश की यात्रा एकता और हमारे साझा सपनों में पाई जाने वाली ताकत का प्रमाण है। आज, हम अपने अतीत का सम्मान करते हैं और अनंत संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर देखते हैं। हर भारतीय को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं, चाहे आप कहीं भी हों।' पैरालिंपिक चैंपियन शटलर प्रमोद भगत ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं, 'स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं! आइए एक राष्ट्र के रूप में अपनी यात्रा पर विचार करें और सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य की दिशा में योगदान करने का संकल्प लें। साथ मिलकर, हम अजेय हैं!' पूर्व भारतीय क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने लिखा, 'आइए हम उन लोगों के साहस और बलिदान का जश्न मनाएं जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। आइए हम एकजुट रहें और सभी भारतीयों के लिए प्रगति और समानता की दिशा में काम करें।

# डेवोन कॉनवे और फिन एलन ने छोड़ा सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

## टी-20 लीग में खेलने के लिए लिया ये फैसला



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और फिन एलन ने न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को ठुकार दिया है। हालांकि कॉनवे ने केन विलियमसन की तरह एक कैजुअल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और श्रीलंका के सीमित ओवरों के मैचों को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध बताया है, क्योंकि वह SA20 में हिस्सा लेंगे। इससे पहले केन विलियमसन ने भी यही रास्ता अपनाया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक फिन एलन ने बिग बैश लीग में कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है, जिसके कारण उन्होंने न्यूजीलैंड के कॉन्ट्रैक्ट को साइन नहीं किया। कॉनवे और एलन दोनों को पिछले महीने अनुबंध सूची में शामिल किया गया था और अब उन्हें रिप्लेस किया जाएगा। आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड पाकिस्तान में वनडे त्रिकोणीय सीरीज खेलेगा। कॉनवे ने इस प्रक्रिया के दौरान न्यूजीलैंड क्रिकेट को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अनुबंध से बाहर होना कोई आसान फैसला नहीं था। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने कॉनवे के हवाले से कहा, "सबसे पहले मैं इसमें सहयोग के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट को धन्यवाद देना चाहता हूं। केंद्रीय खेल अनुबंध से हटने का फैसला मैंने हल्के में नहीं लिया है, लेकिन मेरा मानना है कि यह मेरे और मेरे परिवार के लिए इस समय सबसे अच्छा है। ब्लैककैप्स के लिए खेलना मेरे लिए अभी भी सबसे बड़ी उपलब्धि है और मैं न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मैच जीतने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इससे पहले न्यूजीलैंड के उप कप्तान टॉम लैथम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट की आलोचना की थी और कहा था कि उन्हें केंद्रीय अनुबंध प्रणाली के साथ अधिक लचीला होना होगा। कॉनवे और एलन, विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्यूसन और एडम मिल्ने के साथ केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने का विकल्प चुनने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

वेंकटेश अय्यर के दो गेंद पर दो विकेट

# रोमांचक मुकाबले में जीता लैंकशायर

**लंदन।** वेंकटेश अय्यर ने वनडे कप में लैंकशायर की ओर से खेलते हुए 49वें ओवर में वूस्टरशायर के लगातार दो गेंद पर दो विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में लैंकशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 237 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेंकटेश ने 42 गेंद में दो चौके लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। वेंकटेश सातवें गेंदबाजी विकल्प के तौर पर फिर से 49वें ओवर गेंद थमाई गई। वह पांच ओवर पहले डाल चुके थे। उस समय कप्तान जेक लिबी 104 गेंद में 83 रन बनाकर खेल रहे थे।



वूस्टरशायर को आखिरी दो ओवरों में 15 रनों की आवश्यकता थी और उनके पास दो ही विकेट शेष थे। 49वां ओवर करने आये वेंकटेश की पहली दो गेंदों पर एक चौका लेग बाय और दूसरा बाय के तौर पर आया और लैंकशायर की मुश्किलें बढ़ने लगी थी। तीसरी गेंद वेंकटेश ने वाइड फेंक दी। इसके बाद अगली तीन गेंद पर एक-एक रन और एक वाइड का आया। अब लग रहा था कि वूस्टरशायर यह मुकाबला जीत लेंगे। इसी बीच वेंकटेश की गेंद पर टॉम हिनली डीप मिडविकेट पर पुल करके बाउंड्री निकालने के प्रयास में कैच आउट हो गए।

# द. अफ्रीका की टी-20 टीम घोषित



**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने दिग्गज खिलाड़ियों को दरकिनार करते हुए बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस टीम में कई वरिष्ठ खिलाड़ी नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने नई प्रतिभाओं को अवसर देने पर ध्यान केंद्रित करते हुये इस टीम का चयन किया है। यह टी-20 सीरीज 24 से 28 अगस्त तक खेली जाएगी। इसमें दिग्गज क्विंटन डी कॉक, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और डेविड मिलर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद कोच रॉब वाल्टर के अनुसार, ये खिलाड़ी चोटों, कार्यभार प्रबंधन या चल रही टी-20 लीगों के कारण उपलब्ध नहीं थे। वाल्टर ने कहा कि यह दौरा हमें अनुभवी खिलाड़ियों के कोर को बनाए रखते हुए अपने खिलाड़ियों के समूह को विकसित करने का मौका देता है। यह हमारी उभरती प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंदियों के सामने भी लाएगा, जैसा कि पिछली बार हमने मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था।

### दक्षिण अफ्रीका टी-20 टीम इस प्रकार है

एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बाटर्मैन, नंद्रे बर्गर, डोनोवन फेरेरा, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डूसन और लिजाद विलियम्स।




विनेश की अपील खारिज होने पर खेल जगत ने कहा

# पूरा भारत आपके साथ है, आप चैंपियन हो

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत ने खेल पंचाट द्वारा पहलवान विनेश फोगाट की अपील खारिज करने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश इस खिलाड़ी के साथ है और उनके लिए वह चैंपियन है। खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग ने पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में 100 ग्राम अधिक वजन के कारण अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश की अपील को बुधवार को खारिज कर दिया। इससे रजत पदक हासिल करने की उम्मीद खत्म हो गई। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को लगातार दूसरे ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने के बाद संन्यास लेने वाले हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश ने कहा, 'यह निराशाजनक है लेकिन हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते।' तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि विनेश से पदक छीन लिया गया। बजरंग ने एक्स पर पोस्ट किया, 'माना पदक छीना गया तुम्हारा इस अंधकार में, हीरे की तरह चमक रही हो आज पूरे संसार में।' भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगाकर विनेश और साक्षी मलिक के साथ लंबे समय तक धरना प्रदर्शन करने वाले बजरंग ने कहा, 'विश्व विजेता हिंदुस्तान की आन बान शान, रूस्तम ए हिंद विनेश फौगाट आप देश की कोहिनूर हैं। पूरे विश्व में विनेश फौगाट विनेश फौगाट हो रहा है। जिनको पदक चाहिए, खरीद लेना 15-15 रुपए में।' खेल पंचाट के फैसले पर हॉकी खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'यह दुखद खबर है लेकिन हम क्या कह सकते हैं। एक खिलाड़ी बहुत मेहनत करता है और अगर किसी के साथ ऐसा कुछ होता है तो दुख होता है। हमारे लिए विनेश एक स्टार हैं और हमेशा रहेंगी।' उनकी टीम के साथी अमित रोहिदास ने कहा, 'पूरा भारत उनके साथ है। उन्हें अपना सिर ऊंचा रखना चाहिए। वह हमारे और देश के लिए एक चैंपियन है।' राष्ट्रीय कुश्ती कोच वीरेंद्र दहिया ने खेल पंचाट के फैसले को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' बताया। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और करारा झटका है। हमें पूरी उम्मीद थी कि फैसला हमारे पक्ष में होगा। लेकिन यह भारतीय कुश्ती और देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।' भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भी इस फैसले पर निराशा व्यक्त की। ओलंपिक संघ ने विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के 'अमानवीय नियमों' की भी आलोचना की, जो खिलाड़ियों पर पड़ने वाले शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दबाव को समझने में नाकाम रहा।



# शाहरुख, आमिर और सलमान की फिल्म डायरेक्ट करना चाहती हैं कंगना

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का बुधवार को ट्रेलर लॉन्च हो गया। काफी समय से इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था। फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है और उन्होंने खुद ही इस फिल्म को डायरेक्ट भी किया है। मीडिया से बात करते हुए कंगना रनौत ने बॉलीवुड के तीनों खान- शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के बारे में अपनी राय दी।**

कंगना रनौत ने तीनों खान के साथ फिल्म डायरेक्ट और प्रॉड्यूस करने की इच्छा जताई। कंगना ने कहा, 'मैं तीनों खानों के साथ एक फिल्म को प्रॉड्यूस और उसे डायरेक्ट करना पसंद करूंगी। और मैं उनका टैलेंटेड साइड भी दिखाना चाहूंगी, जिसमें वे एक्टिंग भी कर सकते हैं और अच्छे दिख भी सकते हैं। वे कुछ ऐसा भी कर सकते हैं, जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो। मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहूंगी, क्योंकि मुझे लगता है कि वे सभी



बहुत टैलेंटेड हैं। कंगना रनौत कई बार शाहरुख और आमिर खान के खिलाफ बोल चुकी हैं। लेकिन अब कंगना ने कहा कि वे जो भी कर रहे हैं, वे फिल्म इंडस्ट्री के लिए बहुत रेवन्यू जोड़ रहे हैं और इसके लिए हमें उनका आभारी होना चाहिए। मुझे लगता है कि उन तीनों का एक बहुत ही आर्टिस्टिक साइड भी है, जिसे कुछ ही फिल्मों के अलावा और कहीं नहीं दिखाया गया। एक्ट्रेस ने दिवंगत एक्टर इरफान खान का भी जिक्र किया और कहा कि एक एक्टर जिसे डायरेक्ट न कर पाने का मुझे हमेशा अफसोस होता है, वह हैं इरफान खान साहब (सर)। वह मेरे पसंदीदा खान में से एक हैं और उन्हें हमेशा ही मैं याद करूंगी।

# कृष्णा श्रॉफ एक बार फिर करेंगी शो में वापसी

**खतरों के खिलाड़ी 14 से रियलिटी शो में डेब्यू करने वाली कृष्णा श्रॉफ इस वीकेंड रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो से बाहर हो गईं। नवीनतम एपिसोड में, कृष्णा को एक स्टंट करना था जहां उन्हें 10 मिनट के भीतर 70 अलग-अलग सांपों से भरे एक बॉक्स से जितना संभव हो उतने काले सांपों को पहचानना और स्थानांतरित करना था। तिलचट्टे और मकड़ियों से भरी एक बाल्टी कृष्णा श्रॉफ के चेहरे पर फेंक दी गई थी। मुश्किलें और इस तथ्य को देखते हुए कि यह उनका सबसे बड़ा भय है, वह केवल एक को ही स्थानांतरित करने में सफल रहीं।**

अगले टास्क में कृष्णा और उनकी पार्टनर सुमोना चक्रवर्ती ने रैंप पर कार स्टंट किया। कृष्णा ने अपनी कार ट्रैक पर चला दी, जबकि सुमोना ने रैंप पर दूसरी कार चलाने की कोशिश की। दुर्भाग्य से, वे कार्य में विफल रहे, जिसके कारण अंतिम उन्मूलन कार्य शुरू हुआ, जिसके लिए कृष्णा को एक पिंजरे में तीन झंडे के हिस्सों को इकट्ठा करना पड़ा, जबकि उन्हें बिजली के झटके खाने पड़े। कृष्णा टास्क पूरा नहीं कर पाए और एलिमिनेट हो गए। हालांकि, एक नई क्लिप जो सोशल मीडिया पर घूम रही है, उसमें कृष्णा को एक ऐसा कर्तब करते हुए दिखाया गया है जो संभवतः उसे खेल में वापस ला सकता है। ऐसा लगता है कि बॉस लेडी, जो अपनी ताकत और दृढ़ संकल्प से अपने सह-प्रतियोगियों और रोहित शेट्टी को प्रभावित कर रही है, एक अंडरवाटर टास्क करने के लिए तैयार है। टास्क की एक झलक में कृष्ण को एक गहरे तालाब में गिराना, झंडे इकट्ठा करना और बाइक चलाना - यह सब पानी के अंदर दिखाया गया। जबकि परिणाम अगले सप्ताह घोषित किए जाएंगे, उनके प्रशंसक उत्साह से भरे हुए हैं क्योंकि वे श्रॉफ को सीज़न की सबसे मजबूत महिला प्रतियोगी के रूप में देख रहे थे।



# 'स्त्री 2' में भूमि राजगोर ने निभाया है स्त्री का किरदार

**श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म को पॉजिटिव रिव्यूज मिल रहे हैं और फिल्म का कलेक्शन भी जोरदार हो रहा है। हालांकि, इस फिल्म की दिलचस्प बात ये है कि इसके अभी तक दो पार्ट आ गए हैं, लेकिन श्रद्धा कपूर के कैरेक्टर का नाम और स्त्री का चेहरा अभी तक रिवील नहीं किया गया है। हां, 'स्त्री 2' के अंत में श्रद्धा अपने किरदार का नाम बिक्की (राजकुमार राव) के कान में बताती हैं, लेकिन ऑडियंस के सामने रिवील नहीं करती हैं। खैर कोई बात नहीं, श्रद्धा के किरदार का नाम नहीं पता तो क्या हुआ, हम आपको स्त्री का नाम बताते हैं, असली नाम।**



'स्त्री 1' में 'गंदी बात' एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी ने लाल घूंघट वाली महिला का किरदार निभाया था। हालांकि 'स्त्री 2' के क्लोजिंग क्रेडिट में ये रिवील किया गया है कि इस बार भूमि राजगोर ने स्त्री का किरदार निभाया है। भूमि राजगोर, गुजराती एक्ट्रेस हैं, लेकिन हिंदी सिनेमा में भी काम कर चुकी हैं। पिछले साल भूमि, कार्तिक आर्यन की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आई थीं। भूमि ने इस फिल्म में कियारा आडवाणी की बहन का किरदार निभाया था। जब 'सत्यप्रेम की कथा' रिलीज हुई थी तब उन्होंने बातों-बातों में ईशारा दिया था कि वह बॉलीवुड की एक फिल्म में मेन लीड का किरदार निभाने वाली हैं। शायद वह 'स्त्री 2' की ओर ईशारा कर रही थीं। खबर लिखते वक्त, भूमि के इंस्टाग्राम पर करीब 70 हजार फॉलोअर्स थे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित सहित कई सारे सितारों के साथ तस्वीरें साझा की हैं।

# 'जीरो' के बाद शाहरुख ने ठुकरा दी थी बड़ी फिल्म


**साल 2018 में 'जीरो' फिल्म में काम करने के बाद शाहरुख खान ने चार साल बाद 'पठान' से परदे पर वापसी की थी। हालांकि, वो बीच के सालों में दो-तीन फिल्मों में कैमियो करते भी नजर आए थे। 'जीरो' के बाद शाहरुख खान को राकेश शर्मा की बायोपिक में अभिनय करना था, लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ना कह दिया था।**



शाहरुख खान ने वैरायटी को दिए एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि जनवरी 2019 से उन्हें अपनी नई फिल्म पर काम करना था, लेकिन एकदम ऐन वक्त पर उन्होंने फिल्म छोड़ दी थी। दरअसल, उस दौरान शाहरुख खान अभिनय से दूर रहना चाहते थे। उनका अभिनय करने का मन नहीं था। इसलिए उन्होंने फिल्म निर्माता से कह दिया था कि वो एक साल तक काम नहीं करना चाहते हैं। शाहरुख ने निर्माता के सामने अपनी बात रखी तो उन्हें यकीन नहीं हो रहा था और वे किंग खान से कह रहे थे कि आप काम किए बिना एक मिनट भी नहीं बैठते हैं। हालांकि, जब निर्माता ने देखा कि शाहरुख ने वाकई में कोई काम नहीं किया तो करीब डेढ़ साल बाद उन्होंने शाहरुख को फोन लगाया और कहा कि वो वास्तव में हैरान हैं कि आप किसी फिल्म पर काम नहीं कर रहे हैं। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान से दमदार वापसी की थी। दोनों फिल्मों ने टिकट खिड़की पर तूफान ला दिया था।

# अक्षय को राखी बांधना चाहती थीं कैटरीना

अक्षय कुमार ने यूं तो कई खूबसूरत अभिनेत्री के साथ पर्दे पर अभिनय किया है, लेकिन कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। दोनों सितारों ने एक साथ कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। सिल्वर स्क्रीन पर दोनों कई बार रोमांस करते हुए दिख चुके हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि एक समय ऐसा भी था जब कैटरीना खिलाड़ी कुमार को राखी बांधना चाहती थीं। इस बात का खुलासा कपिल शर्मा के शो के दौरान हुआ था। बातचीत के दौरान कपिल ने कैटरीना से सवाल किया, बहुत सारी अभिनेत्रियां आती हैं, जैसे सोनाक्षी सिन्हा आईं और मुझे राखी बांध गईं। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, बांध गईं तो बांध गईं, लेकिन कोशिश रहती है कि कोई ऐसा न करे। मैं इससे बचने की कोशिश करता हूं। पर हमने एक बात सुनी है कि आप 'शीला की जवानी' गाना जब शूट कर रही थीं तो आपने ये बोला था अक्षय मैं आपको राखी बांधना चाहती हूं। अपने सवाल को आगे बढ़ाते हुए कपिल ने पूछा कि कैटरीना क्या आपको राखी के बारे में नहीं पता था या फिर आप अक्षय कुमार के स्वभाव से अनजान थीं? इस पर जवाब देते हुए कैटरीना ने कहा कि मुझे राखी के बारे में जानकारी थी। उन्होंने कहा कि अक्षय मेरे सबसे अच्छे दोस्त हैं। वह मेरा काफी ख्याल रखते हैं। इसलिए मैं ऐसा करना चाहती थी।





# सड़कों पर तिरंगा फेंके जाने पर सोनम खान ने जताई नाराजगी



**बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम खान 'त्रिदेव', 'विजय' और 'आखिरी गुलाम' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वो 90 की दशक की एक जानीमानी अदाकारा हैं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में स्वतंत्रता दिवस को लेकर बात की। स्वतंत्रता दिवस के जश्न के बाद कई बार देखा जाता है कि लोग तिरंगे को सड़कों पर ही छोड़ देते हैं।**

इस बात पर भी सोनम खान ने अपनी राय रखी है। सोनम खान ने कहा कि ये बिल्कुल गवारा नहीं होना चाहिए। हर किसी को तिरंगे का सम्मान करना चाहिए। बॉलीवुड लाइफ से खास बातचीत में सोनम खान ने कहा कि मेरे लिए हर दिन स्वतंत्रता दिवस है क्योंकि देशभक्ति कैलेंडर पर किसी एक डेट तक सीमित नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा होने पर। सोनम खान मे आगे कहा कि मुझे याद है, बचपन में कैसे हाथ में तिरंगा पकड़ने का उत्साह रहता था और उस दिन स्कूल ना जाने की खुशी भी होती थी। इतना ही नहीं, सोनम ने इस बात पर भी चिंता जताई कि कैसे लोग जश्न के बाद तिरंगे को सड़क पर ही छोड़ देते हैं। इस बारे में बात करते हुए सोनम खान ने कहा कि जश्न के बाद सड़कों पर तिरंगा देखना बिल्कुल गवारा नहीं है। लोगों को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए, वो हमारे देश का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने हमें आकार दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए देश पहले आता है, और ये मेरा विश्वास तबसे है जबसे मुझे समझ आई है।



# जॉन अब्राहम की नहीं है भगवान में आस्था

**जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा'का क्लैश श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' और अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' से होने वाला है। ऐसे में जॉन अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हालांकि, प्रमोशन के वक्त जॉन ने फिल्म से हटकर भगवान, आस्था और धर्म पर खुलकर बात की। उन्होंने ये भी बताया कि वह नास्तिक क्यों हैं। जॉन ने एक पॉडकास्ट में कहा, "मुझे उन लोगों से बहुत जलन होती है जो भगवान में आस्था रखते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आस्था में पहाड़ों को तक हिलाने की ताकत होती है।**

आस्था और विश्वासये दोनों बहुत बड़ी चीजें हैं। मेरे लिए धर्म यही हैं। ईसाई, मुस्लिम, हिंदू, यहूदी, बौद्ध, जैन, सिखआप जो भी हो, आस्था होना सबसे ज्यादा जरूरी है। मेरे लिए यही सबसे बड़ा भगवान है, आस्था।" जब जॉन से पूछा गया कि उनका भगवान में विश्वास क्यों नहीं है तब जॉन ने कहा, "मैं साइंस को फॉलो करता हूं इसलिए मैं एक साइंटिफिक इंसान हूं।" इसके बाद जॉन ने कहा, "मैं रूड नहीं साउंड करना चाहता हूं, मैं लोगों का और उनके धर्म का सम्मान करता हूं। लेकिन एक बार जब किसी धर्म में तर्कहीन चीजें होने लगती हैं न, जैसे कि कुछ रीति-रिवाज और परंपराएं, जिन्हें देखकर आप सोचते हैं कि 'क्यों? ये क्या हो रहा है?' तो वो मुझे बहुत खराब चीज लगती है। मैं लोगों की आस्था पर कमेंट नहीं करूंगा। मैं बस इतना कहूंगा कि थोड़ा कॉमन सेंस यूज कर लिया कीजिए।"

# 'बाजीराव मस्तानी' के दौरान इंटर्न थीं शरवरी

शरवरी इस साल की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। आज उनकी नई फिल्म वेदा रिलीज हो गई है, जिसमें जॉन अब्राहम ने भी काम किया है। शरवरी इससे पहले 'महाराज' और 'मुंजा' फिल्म में नजर आई थीं, जो इसी साल रिलीज हुई है। एक हालिया साक्षात्कार में, शरवरी ने इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर पर बातचीत करते हुए कुछ दिलचस्प किस्से साझा किए। बहुत कम लोग जानते होंगे कि शरवरी ने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' के सेट पर बतौर इंटर्न काम किया था। उस दौरान उन्हें सेट पर कई अलग-अलग तरह के काम करने होते थे। शुभंकर मिश्रा को दिए साक्षात्कार में शरवरी ने बताया कि सेट पर एक दिन ऐसा आया था, जब वो बहुत ज्यादा खुश हो गई थीं। दरअसल, दीपिका पादुकोण ने शरवरी से उनका नाम पूछ लिया था। शरवरी ने बताया कि 'दीवानी मस्तानी' गाने की शूटिंग चल रही थी और उन्हें एक दरवाजे को खोलने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दरवाजा तब खोलना था, जब दीपिका पादुकोण उससे अंदर आती हैं। शरवरी ने कहा कि दीपिका जैसे बड़े कलाकारों के साथ फिल्म के सेट पर होना उनके लिए बड़ी बात थी। बाजीराव मस्तानी में प्रियंका चोपड़ा ने भी काम किया था। शरवरी ने उनसे जुड़ा एक किस्सा बताते हुए कहा कि 'दीवानी मस्तानी' गाने में प्रियंका चोपड़ा के भी कुछ शॉट थे और उन्हें देखने के लिए शरवरी ने अपना काम ही छोड़ दिया था। शरवरी जानती थीं कि उन्हें डांट भी पड़ सकती हैं, लेकिन फिर भी वो मॉनिटर में प्रियंका को एक्टिंग करते हुए देख रही थी।





# वीडियो कॉल पर रक्षाबंधन मनाएंगी कृति खरबंदा

अभिनेत्री कृति खरबंदा उन्हीं सितारों में से हैं, जो इस बार वर्चुअल तरीके से राखी मनाएंगी। हालांकि, वो तीन साल से इसी तरह से रक्षाबंधन को मना रही हैं। कृति खरबंदा ने कहा कि वे तीनों भाई-बहन (कृति, इशिता और जयवर्धन) पिछले तीन साल से वर्चुअल राखी ही मना रहे हैं, क्योंकि उनका भाई जयवर्धन लंदन में हैं और वहां मीडिया मैनेजर की पढ़ाई कर रहा हैं। इसलिए, इस साल भी वो वीडियो कॉल पर ही राखी मनाएंगे। कृति खरबंदा उम्र में अपने भाई से आठ साल बड़ी हैं। कृति ने बताया कि जब उन्होंने सबसे पहली बार अपने भाई के साथ रक्षाबंधन मनाया था तो उन्होंने उसकी कलाई पर सोने की राखी बांधी थी। दरअसल, उनके माता-पिता ने कृति के भाई जयवर्धन के लिए वो राखी बनवाई थी। कृति ने आगे बताया कि उनके माता-पिता ने तीनों बच्चों को सिखाया है कि राखी का त्योहार भाई-बहनों का है और कैसी भी परिस्थिति क्यों न हो, वे एक-दूसरे के लिए हमेशा खड़े रहेंगे।

# यूपी की प्रगति के बिना देश मजबूत नहीं बनेगा : सीईओ

## सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों में बांधा समां





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। सीईओ ने प्राधिकरण के स्टाफ व निवासियों से एक साल में ग्रेटर नोएडा को सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का आह्वान किया। समारोह में सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों से समां बांध दिया।




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी और एसीईओ प्रेरणा सिंह व अन्य स्टाफ की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के 77 वर्षों में हमने बहुत कुछ हासिल किया है। देश खाद्यान्न के नजरिए से आत्मनिर्भर बना है। शिक्षा और स्वास्थ्य में हमने प्रगति की हैं। हम प्रजातंत्र में मजबूत होकर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन चुनौतियां अब भी हैं, उनको हल करना है।

सीईओ ने कहा कि हमारी दिनचर्या ऐसी हो गई है कि सुबह से शाम कब हो जाती है पता ही नहीं चलता। हम गैजेट्स में व्यस्त रहते हैं। हमने देश व समाज के लिए क्या किया है, यह सोचने की जरूरत है। राष्ट्रीय पर्व इसीलिए मनाया जाता है ताकि हम कुछ वक्त निकालकर इस देश और समाज के लिए अच्छा करने की सोच सकें। हमें आजादी का यह अमृतकाल कितने बलिदानों से मिला हैं, यह नहीं भूलना चाहिए। आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ राष्ट व सभ्य समाज देना हमारा उत्तरदायित्व है। राष्ट्रीय पर्व के लिए समय निकालें और उसे उत्सव के रूप में मनाएं।

पश्चिम बंगाल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई घटना पर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि हमें यह सोचने की जरूरत है कि आजादी के 77 साल बाद भी क्या हम माताओं-बहनों को सुरक्षा दे पा रहे हैं। 2014 में स्वच्छ भारत मिशन का आगाज हुआ। आज देश के 16 राज्य खुले में शौच मुक्त हो चुके हैं। सीइओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत देश का हार्ट है। उत्तर प्रदेश के बिना देश मजबूत नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश ही देश को रास्ता दिखाता है। एक जिला एक उत्पाद योजना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज, एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर उत्तर प्रदेश में हैं। सीईओ ने कहा आज निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण उत्तर प्रदेश का गेटवे हैं। हमें यहां का इंफ्रा इतना मजबूत करना चाहिए कि आसपास और देश के किसी के कोने से यहां रोजगार के लिए आएं तो वह उनको आसानी से अवसर मिल सके। सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण की पूरी टीम की मेहनत की वजह से आज प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। मुझे विश्वास है कि आने वाले एक साल में हम ग्रेटर नोएडा को और मजबूत बना पाएंगे। हम जब तक हैं तब तक हमारा दायित्व है कि ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ सुंदर बनाने के दायित्व को निभाते रहें।

उन्होंने कहा कि हमें दुख होता है कि हमारे कुछ किसान भाई बाहर धरने पर बैठे हैं। कोई न कोई त्रुटि तो हुई है, इस पर हमें विचार करना चाहिए। एनजी रवि कुमार ने कहा कि अपना काम लेकर आपके सामने आने वालों को बिठाकर सम्मानपूर्वक उनकी पूरी बात सुनें। उसे हल करने की पूरी कोशिश करें। इससे पहले एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी के आंदोलन पर विस्तृत प्रकाश डाला। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि जनमानस की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें।

कार्यक्रम को जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, ओएसडी हिमांशु वर्मा, एसडीएम जितेंद्र गौतम, ओएसडी एनके सिंह, ओएसडी अर्चना द्विवेदी ने भी संबोधित किया। सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान बड़ी तादात में प्राधिकरण के स्टाफ मौजूद रहे।

# देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करें : सीईओ





**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जनपद के हर कोने में आजादी का उत्साह देखा गया। नोएडा प्राधिकरण में प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी।

इस अवसर उन्होने कहा कि 15 अगस्त और 26 जनवरी या भारत किसी देश के साथ युद्ध कर रहा हो, तभी देशभक्ति और देश प्रेम की बात की जाती है यह गलत धारणा है देश प्रेम हर दिन होना चाहिए. हमारी जिम्मेदारियां हैं उसे अगर हम अच्छी तरह से निभाएंगे तो यह देशभक्ति होगी। सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण के जो लोग हैं उनसे मैं यह कहना चाहता हूं अथॉरिटी के लिए आपको काम करना चाहिए, अपने निजी स्वास्थ्य के लिए नहीं। अथॉरिटी के लिए काम कीजिए और नोएडा के लिए काम कीजिए यह देश प्रेम है।

सीईओ लोकेश एम ने कहा कि जो लोग नागरिक हैं उनका देश प्रेम कैसे होना चाहिए, मैं कहना चाहता हूं अक्सर हम ऑफिसर्स एनजीटी कोर्ट में खड़े हो जाते हैं, जहां पर जज साहब बोलते हैं कि पानी प्रदूषित है, भूमि में प्रदूषण है। ठीक है प्रदूषण को दूर करने की जिम्मेदारी हमारी है क्योंकि अथॉरिटी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का भी काम कर रही है, लेकिन सामान्य नागरिक होने के नाते यह आपका भी जिम्मेदारी बनती है प्लास्टिक इधर-उधर ना भेजें, सामान्य नागरिकों की देश प्रेम यह देशभक्ति है। जो हमारी जिम्मेदारियां हैं उसे अगर हम अच्छी तरह से निभाएंगे तो यह देशभक्ति होगी।

# कम्युनिटी किचन के लिए एनईए ने दिये 14.78 लाख



मुख्य कार्यपालक अधिकारी के दिशा निर्देशन में लेबर चौक, सेक्टर 49 स्थित कम्युनिटी किचन हेतु प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक दिन का वेतन का योगदान दिया गया। कुल रू0 14,78,108/- की धनराशि का चेक मुख्य कार्यपालक अधिकारी को स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिया गया।

नौएडा प्राधिकरण एवं इस्कॉन मंदिर के सौजन्य से सैक्टर-49, लेबर चौक पर कम्युनिटी किचन का शुभारंभ मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा दिया गया था।

इस मुहिम के अन्तर्गत वर्तमान में कंस्ट्रक्शन वर्कर एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिए निःशुल्क एवं उत्तम भोजन की व्यवस्था की गई है। इस किचन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 500 वर्करों भोजन करते हैं।

# कांग्रेस पार्टी ने सेक्टर-9 में किया ध्वजारोहण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना ने संयुक्त रूप से सैक्टर-9 स्थित नोएडा बांस बल्ली मार्केट में ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरे सिंह नागर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर व हिमाचल प्रदेश सह प्रभारी लियाकत चौधरी, पूर्व पीसीसी सदस्य व महानगर प्रवक्ता सतेन्द्र शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यतेंद्र शर्मा, संजय तनेजा, खुर्जा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेद सूर्यवंशी, विक्रम चौधरी, दयाशंकर पांडे, इंद्रजीत तिवारी, आशुतोष पडरू, सैयद मजहर हुसैन,अहमद खान, सिविक सोशल आउटरीच जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलफाम, सिविक सोशल आउटरीच युवा नोएडा अध्यक्ष मोहम्मद चांद, वीरो देवी, डॉ सीमा, सलमा रजा, मेहंदी, जीशान चौधरी, मोनू पंडित,एन के ठाकुर, रमेश रसिया, नसीम,राम कुमार, हाफिज कयामुद्दीन, विनोद शाह, संजू, अंकित, गौतम, प्रेम, परवीन शाह, आरएल शर्मा, मोहम्मद जमीर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सूर्य हाईट सोसायटी में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस सूर्य हाईट के पार्क प्रांगण में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सूर्य हाईट समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

समिति के प्रेसिडेंट देवेन चौधरी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें आजादी कई वीर शहीदों की कुर्बानियों के बाद मिली है। इस आजादी कस सम्मान करते हुए देश को सशक्त बनाना चाहिए।

इस अवसर पर मुकुल शर्मा, राहुल सिंह, सुधीर चौधरी, सतेंद्र चाहर, अशोक सिरोही, दीपक मित्तल, आनंद पांडे, बृजेश पांडे, सौरभ राय, दीपक सभरवाल प्रतीक, गिरीश शर्मा, अभिषेक मिश्रा, उदय भान सिंह ,नागेंद्र यादव, एवं मीडिया प्रभारी सतीश राय मौजूद रहे। सभी लोगों ने अपने देश को व उन वीर शहीदों को नमन किया जिन्होंने अपनी बलिदानी देकर देश को आजाद कराया था।



# सेक्टर-34 में शहीदों के नाम पर जलाया दीप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर तिरंगाा यात्रा निकाली गई।

बी-3 अरावली अपार्टमेंट सैक्टर-34 में आरडब्ल्यूए द्वारा आजादी की लड़ाई में अपनी जान न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर जवान शहीदों को याद करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि देश को आजादी दिलाने में महापुरुषों का बहुत बड़ा बलिदान रहा है। उनकी कुर्बानी के बाद ही हम अंग्रेजों की गुलामी से बाहर निकले। इसी तरह सीमाओं पर पाकिस्तान-चीन जैसे अन्य देश भारत पर अपना कब्जा न जमाए। इसके लिए वह दुश्मनों के साथ डटकर मुकाबला कर हमारे देश के जवानों कसे सलाम करते हैं।

इस दौरान आरडब्ल्यूए महासचिव प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष पदमा नायडू, कोषाध्यक्ष आर पी प्रजापति, आरपी वर्मा, सविता केदार, अजय श्रीवास्तव, अजय रस्तोगी, सुरेश बन्ने, मुकेश कुमार, शशी श्रीवास्तव आदि सहित काफी निवासी उपस्थित रहे।

# हैप्पी आवर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हैप्पी आवर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह के साथ अल्फा-॥ में मनाया गया। दिन की शुरुआत एक पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय गान की भावपूर्ण प्रस्तुति हुई। छात्रों ने अपनी जीवंत नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। जिसमें भारत की सांस्कृतिक धरोहर और स्वतंत्रता संग्राम की भावना को दर्शाया गया। संजीवनी, राज ने प्रेरणादायक भाषण दिए, दिन के महत्व और नागरिकों की जिम्मेदारियों को उजागर किया।

प्रधानाचार्य श्रीमती अमला लाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों में स्वतंत्रता और देशभक्ति के मूल्यों को संजोने के महत्व पर जोर दिया। यह समारोह में एक बड़ी सफलता साबित हुआ, जो खुशी, देशभक्ति और सामुदायिक भावना से भरपूर था।


om EVER GREEN SWEETS

रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आपके शहर में विश्वसनीय, शुद्धता एवं स्वच्छता के लिये मशहूर प्रतिष्ठान

काजू कतली, डोडा बर्फी, रसमलाई, स्पंज रसगुल्ला, पनीर, जलेबी, इमरती, सोनपापड़ी, बालूशाही, मोतीचूर लड्डू, बर्थडे केक, पेस्ट्री चॉकलेट, पेटिज, बर्गर, पिज्जा, गोलगप्पे, टिक्की, छोले भटूरे, पॉवभाजी, स्पेशल वैज थाली, समोसे, ब्रैड पकोड़ा, ढोकला इत्यादि।

नोटः शुभ अवसरों पर कैटरिंग की भी व्यवस्था है।

Head Office: Shop No. 16, Bhoginvilla, shoping Complex, Sector Gama-II, Grater Noida

Branch : Shop No.1, Star Plaza, Ansal golf Link, Sector OMega, Greater Noida Mob.: 9990491275

Branch : Shop No. 4, Satyam Shoping Complex, Sector ALFA II, Greater Noida Mob.: 9643692200

Branch: Shop No. - 19, Green market, Sector P2, Grater Noida Mob. : 9210080229

9210005711, 9313422939, 0120-4283052

Branch : Shop No.8, Greno Plaza, Opporite Ivory Hospital, Sec.-36, GB Nagar Mob.: 9811900795, 8882462343